RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

**सुविचार**

धन, पद और ताकत कम हो तो मजबूर और ज्यादा हो तो मगरूर बना देती हैं।
- डॉ. विनय दीवान, भोपाल

'निंदा' ही इस संसार का नियम है, जो भरपूर मिलेगी और वो ही आपके आगे बढ़ने के मार्ग को प्रशस्त करेगी, 'प्रशंसा' तो ज्यादातर लोग 'मजबूरी' और 'स्वार्थ' में करते हैं।
- राजेन्द्र मकवानी, इन्दौर

मनुष्य अपना निर्माण और विनाश अपने कर्मों के द्वारा के आधार पर करता है।
- सोमनाथ तिवारी, माण्डव

दैनिक

# विनय उजाला

वर्ष-05, अंक 356 | अलीराजपुर, शनिवार ● 23 नवम्बर 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

### बिहार चुनाव पर भाजपा का मंथन तेज, दिल्ली में गिरिराज सिंह के घर कोर कमेटी की हुई बैठक

नई दिल्ली (हि.स.)। अगले साल होने वाले बिहार विधान सभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने मंथन तेज कर दिया है। शुक्रवार को इसको लेकर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के घर पर भाजपा कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मिशन 2025 के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें संगठन के भविष्य की योजनाओं और कार्यों पर चर्चा की गई। इस बैठक में गिरिराज सिंह के साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी और नित्यानंद राय सहित कोर कमेटी के कई सदस्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागपुर में एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले को किया संबोधित

# एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र

## सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले डॉक्टर हैं श्री गड़करी जी


विनय उजाला

**नागपुर/भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि आधारित उद्योगों को घर-घर पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र मिलकर काम करेंगे। एक और एक दो नहीं, एक और एक ग्यारह बनकर काम करेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नागपुर में आयोजित एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मात्र मेला नहीं बल्कि यह भविष्य के सुशासन की समृद्धशाली भारत और प्रदेश के बनने की इसने नींव डाली है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी सामाजिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने वाले सिद्धहस्त डॉक्टर हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण कृषि आधारित कामों के आधार पर प्रदेश की पहचान होती है। मैं तारीफ करता हूँ कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार घर-घर में कृषि आधारित मत्स्य पालन, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन जैसे घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्पादन, उत्पादकता तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उत्पादों के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध कराने पर भी फोकस किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के मंत्री एवं अधिकारियों का एक दल मेले के अवलोकन एवं अध्ययन के लिए भेजा जाएगा।







### कांजी हाउस की कैद से मिलेगी मुक्ति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम निराश्रित और ऐसी गायों को जिनकी दूध देने की क्षमता न्यून या शून्य हो गई है और गौ-पालकों ने उन्हें निराश्रित छोड़ दिया है, को आश्रय देने की दृष्टि से नगरीय क्षेत्रों में गौ-शालाओं का निर्माण करने जा रहे हैं। इस अनुक्रम में भोपाल में 10 हजार गायों की क्षमता वाली गौ-शाला का भूमि-पूजन होने जा रहा है। इससे सड़कों पर निराश्रित गौ-वंशों से होने वाली दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मध्यप्रदेश में कांजी हाउस, खेड़ा जैसे कैद खानों को भी बंद करने का निर्णय लिया है। मूक पशुओं को जेल में रखने का कोई औचित्य नहीं है।

### गौ-पालन से बढ़ेगी आमदनी

मध्यप्रदेश सरकार ने गौ-पालकों की आय बढ़ाने अनेक योजनाएं क्रियान्वित की हैं। उन्होंने कहा कि हम श्रीकृष्ण को मानने वाले हैं, जिनके घर गायें है वे गोपाल हैं और जिनके घर में गाय का कुल है वह घर गोकुल है। मराठी में बछड़े-बछिया को गौरा और गौरी कहते हैं। हमने गौ-पालकों को गाय के स्थान पर गौरी देने की योजना बनाई है। गौ-पालक 5 गौरी ले जाएं और अपने घर पर उनको बड़ा करें, गौ-पालक 2 गाय अपने घर में ही रख लें और 3 गायें हम खरीदेंगे। गौ-पालक दूध का विक्रय करेंगे उससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

### महाराष्ट्र मेरा पुश्तैनी घर

महाराष्ट्र में आकर ऐसा लगा जैसे मैं अपने घर आ गया हूँ। माता अहिल्या और महादजी सिंधियां की पृष्ठ भूमि महाराष्ट्र राज्य से जुड़ी हुई है। माता अहिल्या को मैं प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने उस समय खेती के लिए सिंचाई व्यवस्था के रूप में कुओं का निर्माण करवाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित कुलगुरू शरद घटक, कुलगुरू नितिन पाटिल, अब्दुल्ल एवं पेसा एक्ट के प्रेसिडेंट टी.आर. केशव, दीपक शाह, विक्रम भाग एवं श्री जी. पाटिल का अभिवादन भी किया।

## एम्स की तर्ज पर आईएमएस, बीएचयू को सहायता अनुदान प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) और शिक्षा मंत्रालय के साथ चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आईएमएस), बीएचयू को अधिक वित्त पोषण और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।**

इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान उपस्थित थे। समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की तर्ज पर आईएमएस, बीएचयू को सहायता अनुदान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आईएमएस बीएचयू को अनुदान के प्रावधान से क्षेत्र के लोगों को किफायती अत्याधुनिक माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। यह नैदानिक देखभाल सेवाओं की डिलीवरी को बढ़ाकर रेफरल को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे न केवल मरीजों के उपचार के अनुभवों और संतुष्टि में वृद्धि होगी बल्कि रोगी की देखभाल पर होने वाले खर्च में भी उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय समय-समय पर आईएमएस, बीएचयू को नई सुविधाओं की स्थापना और मौजूदा सुविधाओं के उन्नयन के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता प्रदान करता रहा है। आईएमएस बीएचयू की उत्कृष्टता और स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार करने की इसकी क्षमता को देखते हुए, इसे उच्चतम मानकों की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाने की आवश्यकता महसूस की गई। इस दिन को ऐतिहासिक बताते हुए स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन केंद्र सरकार के संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण का परिणाम है, जो लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि यह समझौता ज्ञापन एम्स, नई दिल्ली और आईएमएस, बीएचयू के बीच साझेदारी को और मजबूत करेगा, जिससे उच्च शिक्षण मानकों और शोध परिणामों में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### मैंने गुमनाम नायक वीर सावरकर की असली गाथा बताने का बीड़ा उठाया : रणदीप हुड्डा

**गोवा (हि.स.)।** स्वातंत्र्य वीर सावरकर की जीवनी पर आधारित फिल्म बनाने वाली टीम ने 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में मीडिया से बातचीत की। फिल्म को भारतीय पैनोरमा खंड की शुरुआती फीचर के रूप में प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में फिल्म की रचनात्मक यात्रा और इसके ऐतिहासिक महत्व पर विचार करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। विनायक दामोदर सावरकर की मुख्य भूमिका निभाने वाले और फिल्म के निर्देशक रणदीप हुड्डा ने फिल्म निर्माण की चुनौतियों की तुलना भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वीर सावरकर द्वारा सामना किए गए संघर्षों से की।

#### मनोज बाजपेयी की फिल्म डिस्पैच की भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विशेष स्क्रीनिंग

**गोवा (हि.स.)।** चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और पद्म श्री से सम्मानित अभिनेता मनोज बाजपेयी ने 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जहां उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म डिस्पैच को विशेष प्रस्तुतियों के तहत प्रदर्शित किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाजपेयी के साथ निर्देशक कनू बहल, लेखिका इशानी बनर्जी और अभिनेत्री शाहना गोस्वामी भी शामिल हुए। फिल्म के कलाकारों और क्रू ने मीडिया से बातचीत करते हुए डिस्पैच के निर्माण, इसकी चुनौतियों और पत्रकारिता के अंधेरे पहलुओं पर आधारित कहानी पर चर्चा की।

## राष्ट्रपति के प्रकृति परीक्षण के साथ 26 नवंबर से होगी देशव्यापी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली (हि.स.)। आयुष मंत्रालय का देशव्यापी अभियान देश का प्रकृति परिक्षण अभियान 26 नवंबर यानी संविधान दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रकृति परिक्षण के साथ किया जाएगा।**

एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में एक करोड़ परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। आयुष मंत्रालय ने इसके लिए 4,70,000 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों को ट्रेनिंग दी है। शुक्रवार को नेशनल मीडिया सेन्टर में आयोजित प्रेसवार्ता में आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि 29 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 9वें आयुर्वेद दिवस समारोह के अवसर पर देश का प्रकृति परिक्षण अभियान की शुरुआत की थी। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांति लाना है। उन्होंने कहा कि किसी की व्यक्ति के स्वास्थ्य प्रकृति को समझना और उसके आधार पर जीवन शैली की सलाह का पालन करने से वे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रख सकते हैं। इससे गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) सहित विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में भी मदद मिल सकती है। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान आयुर्वेद को हर घर के करीब लाता है, नागरिकों को उनकी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत, निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाता है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि मंत्रालय के तहत एनसीआईएसएम, इस अभियान को हर घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समर्पित प्रयासों और अभिनव रणनीतियों के माध्यम से इसकी सफलता सुनिश्चित कर रहा है। एनसीआईएसएम के अध्यक्ष वैद्य जयंत देवपुजारी ने कहा कि इस अभियान के स्वयंसेवकों का उत्साह वास्तव में प्रेरणादायक है और उनका समर्पण कई गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने में मदद करेगा। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति की अवधारणा भी वैज्ञानिक रूप से जीनोमिक्स के विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा किए गए दो दशकों के शोध के आधार पर सिद्ध है। यहअभियान शानदार सफलता हासिलकर भारत की स्वास्थ्य जागरूकता यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत एक करोड़ परिवारों का प्रकृति परिक्षण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का पहला चरण 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक चलेगा। इसमें 18 साल और उससे ऊपर के व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा।

### पर्यटन मंत्रालय 26 से 29 नवंबर तक असम के काजीरंगा में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का करेगा आयोजन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का 12वां संस्करण 26 से 29 नवंबर तक असम के काजीरंगा में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मार्ट भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों दर्शकों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को उजागर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो आठ पूर्वोत्तर राज्यों- असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के पर्यटन व्यवसायों और उद्यमियों को एक साथ लाता है, ताकि खरीदारों, विक्रेताओं, मीडिया, सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों की 90 अतिरिक्त कंपनियां तैनात : कुलदीप सिंह

**इंफाल (हि.स.)। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा है कि मणिपुर में सुरक्षा बलों की 90 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। इन अतिरिक्त कंपनियों में से अधिकांश इंफाल पहुंच चुकी है।**

इन्हें नागरिकों, संवेदनशील क्षेत्रों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में पहले से ही सुरक्षा बलों की 198 कंपनियां तैनात हैं। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को इंफाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह निर्णय आज आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इंफाल समेत राज्य के सभी जिलों में सुरक्षा स्थिति का आकलन किया गया। असुरक्षित क्षेत्रों की पहचान की गई और उन्हें सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कंपनियों के आने के साथ, राज्य भर में संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं को कवर करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। प्रत्येक जिले में सुव्यवस्थित संचार और घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला समन्वय प्रकोष्ठ और संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया। राजमार्ग सुरक्षा, सीमांत क्षेत्र सुरक्षा और सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए मौजूदा व्यवस्था और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई और उन्हें उन्नत किये जाने का निर्णय लिया गया।

अधिकारी कानून व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने और गड़बड़ी की आशंका वाले सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी कर रहे हैं। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि हम सभी इस मुद्दे से निपटने में एक साथ हैं। जो भी समस्या आती है, हम तुरंत नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हैं। पुलिस, प्रशासन, सेना, असम राइफल्स और अन्य बलों के संयुक्त प्रयास लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

एक प्रश्न पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के दौरान कुल मिलाकर 258 लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि अभियान अभी भी जारी है और अब तक तीन हजार हथियार बरामद किए जा चुके हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुलदीप सिंह के साथ सीआरपीएफ, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, सेना आदि के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## राजनाथ सिंह ने वियनतियाने में अपने जापानी और फिलीपींस समकक्षों से मुलाकात की

**नई दिल्ली (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाओ पीडीआर के वियनतियाने की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शुक्रवार को अपने जापानी समकक्ष जनरल नाकातानी और फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा सचिव (रक्षा मंत्री) गिल्बर्टो टेओडोरो से मुलाकात की।**

जनरल नाकातानी के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्व को दोहराया। पिछले सप्ताह जापान में यूनिकॉर्न मस्तूल के कार्यान्वयन के ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की महत्वपूर्ण घटना को याद करते हुए दोनों पक्षों ने रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सह-उत्पादन और सह-विकास में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। भारतीय और जापानी सेनाओं के बीच अंतर-संचालन को और बेहतर बनाने के लिए दोनों देशों के बीच आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान और विभिन्न द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों में सेनाओं की भागीदारी पर दोनों मंत्रियों द्वारा चर्चा की गई। दोनों पक्ष हवाई क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने पर भी सहमत हुए। रक्षा मंत्री ने आसियान रक्षा मंत्रियों की अगली बैठक और (एडीएमएम)-प्लस फोरम में भारत के समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत किया। दोनों पक्षों ने विषय वस्तु विशेषज्ञों, रक्षा उद्योग, आतंकवाद-विरोध, अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।




### देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 41वीं यूरेशियन समूह की बैठक

# 25 से शुरू होगी बैठक, 200 विदेशी प्रतिनिधि होंगे शामिल

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 25 से 29 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की 41वीं यूरेशियन समूह (ईएजी) की पूर्ण बैठक का आयोजन होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई है।**



अतिथियों के आगमन का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है। इस आयोजन में नौ सदस्य देशों एवं 15 ऑब्जर्वर देशों के दो सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस बैठक का उद्देश्य मुख्य रूप से मनी लॉन्ड्रिंग एवं आतंकवाद के वित्त पोषण के खिलाफ रणनीति बनाना है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में 28 नवम्बर को प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित प्रदेश के मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इंदौर में इस आयोजन की गरिमा के अनुरूप सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है।

इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर गौरव बेनल, ज्योति शर्मा, नगर निगम अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा तथा रोहित सिसोनिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त दीपक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान सभी ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे जिससे की मेहमानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वे एक अच्छी स्मृति लेकर जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की बैठक व्यवस्था, मेहमानों के प्रवेश और निर्गमन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश व्यवस्था, आवास व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सकीय व्यवस्था, अग्नि शमन व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी महिपाल ने बताया कि अतिथियों के आगमन का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरा के अनुरूप तिलक लगाकर व पुष्पाहार पहनाकर और शहनाई की मंगल ध्वनि के साथ किया जा रहा है। अतिथियों के लिए हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। अतिथियों के आगमन के समय प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी प्रस्तुत की जा रही है। सभी अतिथियों के लिए शहर के विभिन्न प्रतिष्ठित होटल्स में आवास व्यवस्था की गई है। यहां पर उनके लिए मनी एक्सचेंज काउंटर भी बनाये गए हैं। सुरक्षा और आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है। उनके सहयोग के लिए लाईजनिंग अधिकारी भी साथ रखे गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### 70 वर्षो से अधिक के बुजुर्गो के बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ विभाग एवं पंचायत की टीम घर-घर दे रही दस्तक





**बाग, निप्र।** शासन के निर्देशानुसार लोगों के स्वास्थ को देखते हुए शासन की महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बनाने का क्रम जारी हे स्वास्थ अमला सहित ग्राम पंचायत की टीम इस हेतु मुस्तेदी से लगी हुई हे ओर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए टीमें घर-घर दस्तक दे रही है। इस कार्ड के माध्यम से बुजुर्गों के हर वर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज ओर आपरेशन कराने की सुविधा मिलेगी। बाग स्वास्थ केन्द्र के सीबीएमओ राजेन्द्र वर्मा ने बताया की बाग विकासखंड में अबतक पांच छह सो 70 वर्ष के बुजुर्गो के आयुष्मान भारत कार्ड बन चुके हे अभी आंकड़ा फिक्स नहीं है लेकीन दो रोज में कम्पलीड आंकड़ा निकल जाएगा क्योंकी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी ये क्रम चल रहा हे प्रयास यही हे की कोई इस योजना कै लाभ से वंचित ना रह जाए हमारी स्वास्थ टीम के साथ स्थानीय पंचायतों के सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक डोर टू डोर पहुंच रहे हे हे ओर बुजुर्गो के कार्ड बना रहे हैं इसमें बहुत सारी समस्या भी आ रही हे बहुत से आधार कार्डों में तारीखे सही नहीं हे तो किसी के कार्ड ही नहीं है। आधार कार्ड में 70 वर्ष हो गये होंगे वहीं पात्रता की श्रेणी में आएगा बहुत सो को अपने कार्ड में संसोधन कै लिए भी बोला हे। उसके बावजुद हमारी टीमे यही प्रयास कर रही हे की केसे भी बुजुर्गो के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और कोई छुटे नहीं है। दो तीन दीन बाद एग्जेट आंकड़ा आजाएगा की बाग ब्लाक में कितने बुजुर्गों के आयुष्मान भारत योजना के कार्ड बन चूके हैं।

### प्रभारी अधिकारी, विशेष न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैंक के पदाधिकारियों के साथ प्रीसीटिंग बैठक का आयोजन किया गया




**अशोक बलसोरा, झाबुआ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अनुमोदित कैलेण्डर अनुसार वर्ष-2024 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर-2024 को किया जाना है। लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष जिविसेप्रा झाबुआ एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना के संरक्षण में 22 नवंबर-2024 को ए.डी.आर. भवन में लोक अदालत के प्रभारी अधिकारी/विशेष न्यायाधीश श्री विवेक सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में बैंक के पदाधिकारियों के साथ प्रीसीटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विवेक सिंह रघुवंशी ने कहा कि लोक अदालत की अवधारणा का मूल उद्देश्य यह है कि आम जनता को बिना किसी लंबी कानूनी प्रक्रिया के त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान मिल सके। पक्षकारों को जल्द से जल्द सूचना-पत्र की तामीली करवाये तभी हम लोक अदालत को सफल बना सकते है। यह मेरा विश्वास है कि आप सभी का सक्रिय सहयोग लोक अदालत को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उक्त बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सागर अग्रवाल, एलडीएम श्री अल्ताफ एवं समस्त बैंक के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बीच रोड में वाहन खड़ा कर चालक नदारद लंबा जाम लगा, पुलिस हुई परेशान




**धामनोद, निप्र।** शुक्रवार के दिन है बाजार मंडी एंव स्कूल के वाहन बड़ी संख्या में एक साथ चौराहे पर एकत्रित हो जाते हैं जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है ऐसे में मौजूद पुलिसकर्मी हर संभव प्रयास करते हैं कि जाम ना लगे लेकिन कुछ वाहन चालकों की गलती के कारण लंबा जाम लग जाता है मंडी रोड और महेश्वर चौराहे पर तो सबसे अधिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। शुक्रवार के दिन भी सुबह से ही मंडी मार्ग पर लंबा जाम लग गया जिसका प्रमुख कारण था एक वाहन चालक अपना चार पहिया वाहन रोड पर खड़ा कर चला गया था देखते ही देखते वाहनों की कतारे लग गई मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंचे लेकिन वाहन चालक वाहन में नहीं था उसे खड़ा कर कहीं और चला गया आसपास के लोग भी एकत्रित हुए और चालक को ढूंढने लगे तब जाकर कंही वह आया और आते ही गाड़ी हटाने लगा ऐसे में मौजूद पुलिसकर्मी का भी आक्रोश फूड पड़ा उन्होंने उसने चालान बनाने के लिए गाड़ी थाने पर ले चलने का कहा। वाहन चालक ने बताया कि मैं यहां का रहने वाला नहीं हूं मुझे नहीं पता था कि इतना लंबा जाम लग जाएगा मेने जब वाहन खड़ा किया था तब रोड पूरा खाली था उसने अपनी गलती स्वीकार की तब पुलिसकर्मी ने समझाईस दी कि आगे से ऐसी गलती ना करें धामनोद शहर में कभी भी बीच रोड पर वाहन खड़ा ना करें तब जाकर पुलिस कर्मी ने उसे आगे की ओर जाने दिया उल्लेखनीय है है कि महेश्वर चौराहे पर सबसे अधिक जाम की स्थिति प्रतिदिन निर्मित होती है यहां पर मौजूद पुलिसकर्मी भी वालों को सुचारु करने के लिए परेशान नजर आते हैं ऐसे में कुछ लोगों की गलती के कारण लंबा जाम लग जाता है।

# उदयगढ़ में आज आयोजित होगा मेगा स्वास्थ्य शिविर : कलेक्टर डॉ. बेडेकर

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र। कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर ने बताया संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के प्रेरणा से जिले में आज 23 नवम्बर 2024 को मेगा हेल्थ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उदयगढ़ किया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र के कोई भी निवासी अपना स्वास्थ्य से संबंधित उपचार एवं जांच निशुल्क करवा पाएंगे। साथ ही जांच के पश्चात निशुल्क दवाइयों का वितरण भी बडे स्तर पर किया जाएगा। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य निशुल्क जांच कर उपचार प्रदान कर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। साथ ही इस शिविर के माध्यम से जिले के 70 प्लस से अधिक आयु वाले वरिष्ठजनों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा जिससे भविष्य में वृद्धजनों को स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आर्थिक संकट न हो साथ ही उनका उपचार करना संभव हो सके।

उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस स्वास्थ्य शिविर मे इंदौर महात्मा गांधी मेमोरियल,मेडिकल कॉलेज, के डॉ. संजय दुबे जनरल मेडिसिन, डॉ. राहुल नागर चर्म रोग, डॉ. प्रियांश जैन मनोरोग, डॉ. नमन मंत्री रेडियोडायग्नोसि,डॉ. प्रदीप कुर्मी कार्डियोलॉजी, डॉ. राजा गुलफाम न्यूरोलॉजी ,डॉ. रोजन जैन यूरोलॉजी, डॉ. अर्पित जैन कम्यु.मेडिसिन, डॉ. प्रिया मेहता फिजियो. , डॉ. कृतिष बुतडा रेस्पी. मेडिसिन, डॉ. वर्षा नेत्र रोग, डॉ. अमनदीप नेगी शिशु रोग,डॉ. विपिन नाक,कान,गला ,डॉ. अभिषेक दंत रोग, डॉ. उपेन्द्र पाण्डेय सजरी, डॉ. प्रभात एवं डॉ. प्रवीण ऑर्थो., डॉ. सपना चौरसिया स्त्रीरोग , इंडेक्स मेडिकल कॉलेज से डॉ. देव पटेल एवं डॉ. यश जावरी मेडिसिन, डॉ. आकाश एवं डॉ. सौर्या आर्थोपेडिक, डॉ. पार्थ शाह एवं डॉ. नितेश मंगला जनरल सजरी, डॉ. अपूर्व एवं डॉ. सोनम सिंह डर्मा., डॉ. शिवानी सिंह एवं डॉ.अश्विनी राठौर स्त्री रोग, डॉ. प्रध्युम एवं डॉ. सचिन दन्त रोग, डॉ. चंचल देवडा आयुर्वेदिक, डॉ. विद्यानंद एवं डॉ. प्रशांत नाक,कान,गला रोग, डॉ. सचिन एवं डॉ. सावन पैथोलॉजी, डॉ. ग्रीष्मा शिशु रोग , मेदांता हॉस्पीटल के डॉ. कुशल कालविट क्रिटिकल केयर , चोइथराम नेत्रालय के डॉ. महिमा ठाकुर नेत्र रोग और अन्य निजी अस्पताल केयर सीएचएल हॉस्पिटल, वर्मा यूनियन हॉस्पिटल चोइथराम हॉस्पिटल, अष्टांग आयुर्वेद कॉलेज इंदौर आयुष विभाग। उन्होने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं। साथ ही इस स्वास्थ्य शिविर का मौखिक प्रचार करे ताकि आपके आस पास में निवासरत पीड़ित व्यक्ति भी इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले सके।



### बॉक्सिंग सेंटर अलीराजपुर की चार बालिका और दो बालक खिलाड़ी ने जीते पदक

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** ऑल इंडिया इंटर साई रीजनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खेलो इंडिया बॉक्सिंग सेंटर, अलीराजपुर के बॉक्सर खिलाड़ियों (बालक/बालिका) ने तीन रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त किया, भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित सब-जूनियर/जूनियर बालक/बालिका 4 नवम्बर 24 से 17 नवम्बर 24 तक ऑल इंडिया इंटर साई रीजनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप जो भोपाल और औरंगाबाद में आयोजित हुई जिसके (केआईसी) खेलो इंडिया बॉक्सिंग सेंटर अलीराजपुर की चार बालिका और दो बालक खिलाड़ी मुक्केबाज मोहिनी मंडलोई, निलेश्वरी खोटे, पार्थ भटनागर ने रजत पदक, चेतना चौहान ने कांस्य पदक अपने प्रतिद्वंदी को हराकर प्राप्त किया। मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को जिला खेल अधिकारी संतरा निनामा एवं कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी जिला खेल अधिकारी द्वारा दी गई।

### गोवंश वध के मामले में पुलिस ने किया चार को गिरफ्तार

**मनावर, निप्र।** मनावर नगर के बालीपुर मार्ग पर गत 20 नंवबर बुधवार की अल सुबह एक गोवंश की मांस और खाल के लिए वध किया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर दो के खिलाफ रासुका की कारवाई की गई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी कासिम उर्फ मुच्ची, निवासी मनावर (रासुका) तथा इस्लाम उर्फ हाबू पिता इस्माइल आजाद मार्ग निवासी मनावर (रासुका) व दो अन्य आरोपी जुनेद उर्फ राजा पिता इकबाल निसरपुर,कालू पिता निजाम शाह आजाद मार्ग मनावर के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में भेजा गया जहां जेल भेज दिया गया। मनावर में गोवंश की मौत को लेकर आज शुक्रवार को दोपहर को पुलिस थाना पर वार्त्ता रखी गई।जिसमें



थाना पुलिस एसडीओपी अनु बेनीनाल, प्रभारी ईश्वरसिंह चौहान ने बताया कि बालिपूर रोड़ स्थित लायन्स जूनियर कालेज स्कूल पहुच मार्ग के समीप पर एक गौवंश मृत अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने तुरंत मौका मुआयना कर पंचनामा भी बनाकर जांच में लिया गया था। साथ ही पशु चिकित्सकों से प्राप्त पीएम रिपोर्ट प्राप्त के आधार गोवंश की मृत्यु धारदार हथियार व ब्रेन कटने के कारण हुई पाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रासुका व मप्र गौवंश प्रतिषेध व पशु क्रूरता अधिनियम की धारा के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मनावर पुलिस ने इन सभी आरोपियो के खिलाफ मप्र गौवंश प्रतिषेध व पशु क्रूरता अधिनियम की धारा पुलिस ने धारा 4/9 म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधि. 2004, एवं 11 पशु क्रुरता अधि. व 325 ,196(1)(बी) बी.एन.एस में मामला दर्ज किया।

# श्रीलंका के पूर्व 9वें राष्ट्रपति मांडू आएंगे सपत्नी भ्रमण करने रानिल विक्रमसिंघे

**श्रीलकां के दौरा कार्यक्रम आते ही जिला प्रशासन व्यवस्था मे जुटा, नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में जुटे सभी अधिकारी**

सोमनाथ तिवारी

**मांडू।** पर्यटन नगरी मांडू में कल श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का मांडू भ्रमण कार्यक्रम आज आते ही यहां जिला प्रशासन ने प्रोटोकॉल के तहत मांडू की चाकचबंद व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया है।

आज मांडू के जहाज महल परिसर में उनके भ्रमण को लेकर यहां अधिकारियों ने महल का दौरा कर यहां सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए साथ ही यहां उनके साथ चल जाने वाले गाइड के साथ उन्हें दिए जाने वाला नाश्ते और खाने की व्यवस्था को लेकर भी यहां अधिकारियों ने मीटिंग ली। जारी रूट कार्यक्रम यह रहेगा राष्ट्रपति का सुबह 10:00 बजे इंदौर से बाय हेलीकॉप्टर मांडू पहुंचेंगे और उसके बाद मांडू के जहाज महल का भ्रमण करेंगे, 2:15 पर लंच होगा जहाज महल में उसके बाद, 3:30 पर फिर इंदौर के लिए रवाना हो जाएंगे सपत्नी।

**उनकी तैयारी के लिए अधिकारियों ने मोर्चा संभाला**

पीथमपुर एसडीएम संदीप गुर्जर संयुक्त कलेक्टर वसीम अहमद भट्ट, नालछा तहसीलदार राहुल गायकवाड, मांडू कोमो लाल सिंह राठौड़ सहित अन्य विभागों के अधिकारी आज सुबह से ही मांडू की व्यवस्थाएं चोबन्ध करते नजर आए। जन्म 24 मार्च 1949) श्रीलंका के राजनेता हैं जो श्रीलंका के 9वें राष्ट्रपति हैं। उनका



प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल 9 जनवरी 2015 से 26 अक्टूबर 2018 तक रहा।

# डही नगर परिषद ने अतिक्रमण मुहिम में दिखाई सख्ती

### रोड़ पर रखा सामान किया जब्त

विनय उजाला

**डही, निप्र।** नगर में अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत नगर परिषद के द्वारा शुक्रवार को सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की गई। जिन दुकानदारों के द्वारा सड़क पर अपनी सामग्री रखी गई थी, नगर परिषद की टीम ने केरेट व अन्य सामग्री जब्त कर टेक्टर ट्राली में डाली गई।

शुक्रवार सुबह नगर परिषद सीएमओ रमेश सतपुड़ा व नगर परिषद की टीम, सफाई कर्मचारी अतिक्रमण हटाने पहुंचा। जहां सबसे अधिक फल फ्रुट, सब्जी ,ठेला के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। व्यापारियों ने सड़क तक अपनी दुकान की सामग्री रख ली थी। पिछले तीन दिन से नगर परिषद के द्वारा यह सामान हटाने को लेकर मुनादी कराई जा रही थी। लाइन डालने के बाद नगर परिषद के द्वारा सुस्त कार्रवाई की गई। लेकिन शुक्रवार को नगर परिषद का अमला बस स्टैंड पहुंचा और व्यापारियों के द्वारा सड़क पर रखे गए केरेट, समेत अन्य सामान जब्त कर लिया। प्रशासन की यह सख्ती देख दुकान संचालक निवेदन करने लगे। लेकिन प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी एक न सुनी। नगर परिषद का अमला ट्राली मे सामान जब्त कर अपने साथ ले गया। इस दौरान कुछ कहासुनी भी हुई। लेकिन प्रशासन ने किसी की न सुनी। नगर परिषद सीएमओ रमेश सतपुड़ा ने बताया की जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर में यह अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक सप्ताह से लगातार मुनादी कराई जा रही थी। लेकिन, कई दुकानदार लापरवाही बरत रहे थे। उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद आज सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की गई है। जब तक स्टेशन से अतिक्रमण खत्म नहीं हो जाता, यह मुहिम जारी रहेगी।





### सीएम राइज बाग मे जनजातीय गौरव दिवस पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** बिरसा मुंडा धरती के (आबा) के जन्मदिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 15 नवंबर से दिनांक 26 नवंबर तक विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाना है जिसके तहत शासकीय सी एम राईज विद्यालय में छात्रओ द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य मे मेहंदी प्रतियोगिता मे कु.लक्ष्मी बघेल ,अमिषा बघेल, रेखा सोलंकी, बबिता जमरा, सुनिता चौहान, प्रियंका भंवर,भुरी कन्नोज,सुनीता मंडलोई, रेखा मंडलोई, पार्वती सोलंकी, रीना भंवर छात्राओंके द्वारा मेहदी प्रतियोगिता के इस आयोजन में भाग लेकर अपने हाथों में एक से एक खुब सुरत मेहंदी रचाई।



इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डी.एस.बघेल ने बताया की आदिवासी समाज के भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के उपलक्ष में शालाओं में 15 नवम्बर से 26 नवंबर तक अलग अलग कार्यक्रम किए जा रहे हे जिसके चलते छात्र छात्राओं को एक नया अनुभव व हुनर भी मीलता है। साथ ही हमारे जननायक भगवान बिरसा मुंडा के बारे भी बच्चो को जानकारी मीलती है। विधार्थी भी होने वाले आयोजनो में बड़ी चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस कला के उत्साह में अपना हुनर भी दिखला रहे हैं। बघेल ने यह भी बताया की पढ़ाई के साथ विधार्थियों को इन चिजो में भी रुचि लेना चाहिए क्योंकी ये अपने आप में एक कला भी हे। धर्मेन्द्र शर्मा, राजेंद्र सिंह झाला दिनेश अजनारे, पारस परिहार,श्रीमती नीतू यादव, ममता बघेल एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु जिला न्यायालय परिसर में 26 नवंबर को लगेगा शिविर

**धार, निप्र।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धार श्री संजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर धार में स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपालिका के समन्वय से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 26 नवंबर को कैप का आयोजन किया जा रहा है। अत: जिले के ऐसे समस्त व्यक्ति जिनकी उम्र 70 वर्ष या उससे अधिक है एवं उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने है वे अपने आधार कार्ड के साथ जिला न्यायालय परिसर धार में उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बनवाकर शिविर का लाभ प्राप्त सकते है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

विनय उजाला

**धार, निप्र।** पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा विभिन्न प्रकार की अकादमी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत भाषण, निबंध, सामान्य ज्ञान ,पोस्टर, लोक नृत्य तथा लोकगीत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजन के प्रथम दिन 19 नवम्बर को उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस बघेल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस के नोडल अधिकारी प्रो आर. सी. घावरी तथा प्रशासनिक अधिकारी डॉ गजेंद्र उज्जैनकर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय था ''भारतीय ज्ञान परंपरा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति'' इसमें प्रथम स्थान जयदीप निंगवाल द्वितीय स्थान देवांश प्रजापति तृतीय स्थान अनुष्का बोरासी ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता का विषय नैतिक मूल्यों का पतन- कारण और उपाय। इसमें प्रथम स्थान जयदीप निंगवाल, द्वितीय स्थान माधव सिसोदिया, तृतीय स्थान देवांश प्रजापति ने प्राप्त किया।

**मिट्टी के बर्तनों को देख बोले छोटा फ्रिज बहुत फ्रेश है**

# ग्रामीण रहन-सहन, वेशभूषा व संस्कृति से रूबरू हुए विदेशी पर्यटक

मुकेश सोडानी

**धामनोद। इटली से मध्य प्रदेश पंद्रह दिवसीय दौरे पर निकले विदेशी पर्यटक धामनोद स्थानीय बाजार में पहुंचे वह यहां की ग्रामीण संस्कृति से रूबरू है आए हुए विदेशी पर्यटक जुनीमाला अमनवेलू आलीसान्द्र मास्क और अन्य साथी थे स्थानीय बाजार में इन्होंने भ्रमण किया और भारतीय संस्कृति और यहां के रहन-सहन से रूबरू हुए।**

**बजारहट में दुकान देख बोले हमारे यहां ऐसा कुछ नहीं**

बजारहॉट में लगने वाली स्पातहिक दुकानों को देख आए हुए सैलानी अचंभित हुए उन्होंने कहा कि हमारे यहां ऐसा कुछ नहीं होता है उन्होंने बाजार में आई हुई हरी सब्जियां देखा तो खुश हो गए स्थानीय दुकानदारों के साथ में सेल्फी ली फोटो खिंचवाई।

**मास्क भगवान शंकर के भक्त हैं**

आए हुए सैलानी में शामिल मास्क भगवान शंकर के परम भक्त है उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के प्रति मेरा मेरी भक्ति शुरू से ही रही है भगवान शंकर को में बहुत मानता हूं उन्होंने भगवान शंकर की फोटो देख प्रणाम भी किया और बोले हर हर महादेव।

**हॉट बाजार में मिट्टी के घड़े देख बोले मिनी फ्रेश फ्रिज**

हाट बाजार में भ्रमण के दौरान वह नगर के कुमार गड्ढे में पहुंचे वहां मिट्टी के पात्रों को देख अचंभित हुए साथ आए गाइड ने उन्हें समझाया कि यह भारत में यहां के लोग इसी में पानी पीते हैं और बहुत शुद्ध होता है यह देख साथ आए विदेशी पर्यटकों ने कहा यह छोटा फ्रिज है और बहुत अच्छा है बहुत फ्रेश है बाजार में अलग-अलग तरह की वस्तुएं देख आए हुए सैलानी बड़े खुश हुए उन्होंने बताया कि वह मध्य प्रदेश 15 दिन के भ्रमण पर आए हैं यहां की संस्कृति और धरोहर देखकर बहुत अचंभित है और बहुत खुश भी उन्होंने स्थानीय बाजार में खरीदारी भी की।



## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल महासभा के त्रैवार्षिक चुनाव 22 दिसम्बर को

**भोपाल (विनय उजाला)।** अग्रवाल महासभा के त्रैवार्षिक चुनाव हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी रवि गोयल वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा अधिसूचना जारी करते हुए कहा है कि महासभा के अध्यक्ष को छोड़कर सभी पदाधिकारियों की पद स्थापना तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है। महासभा के त्रैवार्षिक चुनाव 22 दिसम्बर को भोपाल में संपन्न होगें इस हेतु चुनावी कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र ही की जा रही है।

### सांस्कृतिक एवं अकादमिक गतिविधियों का आयोजन किया



**इंदौर, (विनय उजाला)।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इंदौर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 18 नवंबर 2024 से 21 नवंबर 2024 तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं अकादमिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका औपचारिक उद्घाटन संस्था प्रमुख डॉक्टर चंद्रा तलेरा जैन द्वारा किया गया आपने भारतीय ज्ञान परंपरा और अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का नई शिक्षा नीति में योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रकोष्ठ संयोजिका डॉक्टर निशा मोदी ने इन गतिविधियों के उद्देश्य जिनमें प्रमुख हैं कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना साथ ही अपने क्षेत्र की साहित्यिक विरासत और संस्कृति का संवर्धन करना उनका प्रचार प्रसार करना राष्ट्रीय एकता सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की भावना का विकास करना। प्रशासनिक अधिकारी डॉ अनुराधा अवस्थी ने विद्यार्थियों की ऊर्जा का उपयोग राष्ट्रीय उद्देश्यों में कैसे हैं इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए गए! विभिन्न प्रतियोगिताएं - भाषण प्रतियोगिता, निबंध -लेखन प्रतियोगिता, प्रश्न मंच , पोस्टर निर्माण, लोक नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुति की गई! सभी प्रतियोगिताएं भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में प्रस्तुत की गई, लगभग 200 छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में सहभागिता की! प्रथम स्थान प्राप्त छात्राएं 9 दिसंबर से आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर निशा मोदी ने किया आभार डॉक्टर विनीता वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया! यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. अंतिम बाला शास्त्री ने दी।

### हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान वर्ष भर चलेगा जन-जागरूकता अभियान संसदीय कार्य विभाग ने विभागाध्यक्ष और कलेक्टर्स को जारी किया पत्र

**इंदौर (विनय उजाला)।** देश में 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के बाद तैयार किया गया संविधान 26 नवम्बर 1949 को अपनाया गया था। इसके बाद देश में 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर 2024 से वर्ष भर चलने वाला हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान जन-सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जायेगी। इसी दौरान जन-समुदाय के बीच में संविधान पर केन्द्रित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। वर्ष भर की गतिविधियों को एक डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के लिये वेबसाइट constitution|z.com भी तैयार की गई है। वेबसाइट में गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किये जा सकेंगे। इस अभियान में युवाओं और स्कूल के बच्चों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिये एक अन्य वेबसाइट https://www.mygov.in: पर संविधान विषय पर निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता की तस्वीरें साझा की जा सकती हैं। संविधान के स्थापना दिवस 26 नवम्बर 2024 को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधि नागरिकों के बीच संविधान की प्रस्तावना को पढ़ेंगे। इसी दिन प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में भी सामुहिक रूप से संविधान प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 128 जोडो का नि :शुल्क सामूहिक विवाह

# मंत्री विजयवर्गीय द्वारा उपहार स्वरूप दी साडियां और गीत गाकर दी दुल्हानों को बिदाई

## शासन निर्देशानुसार दुल्हन के खाते हस्तांतरित की 49 हजार की राशि





विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री शिवम वर्मा, शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री मनीष शर्मा (मामा) ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज 128 जोडो का इंदौर के दलाल बाग सामुहिक विवाह संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मान. नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी एवं सभापति श्री मुन्नालाल यादव द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर नव दंपतियों को वैवाहिक जीवन की शुभकामना दी तथा दुल्हनो को उपहार स्वरूप साडियों का वितरण किया तथा अंत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में बेटियों के लिये बाबुल की दुआऐं लेती जा.... गीत गाकर बिदाई दी।

साथ ही इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह समारोह में आए 128 नवदंपतियों को मान. मंत्री, मान. सभापति व अन्य अतिथियों द्वारा गीला सुखा कचरा अलग-अलग रखने के लिये डस्टबीन का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सभापति श्री मुन्नालाल यादव, महापौर परिषद सदस्य श्री मनीष शर्मा मामा, श्री निरंजनसिंह चौहान, श्री अश्विनी शुक्ल, पार्षद श्री कमल वाघेला, श्रीमती संध्या यादव, अपर आयुक्त श्री मनोज चौरसिया, उपायुक्त श्री सगर, श्री शैलेष अवस्थी, शहरी गरीबी उपशमन की श्रीमती चैताली नारोलिया, बडी संख्या में दुल्हा-दुल्हन व उनके परिजन उपस्थित थे। प्रभारी श्री मामा ने बताया कि यह संपूर्ण विवाह समारोह का आयोजन देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में संपन्न कराया गया तथा अतिथियों द्वारा नंवदंपतियों को डस्टबीन का भी वितरण किया गया।

शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री मनीष शर्मा मामा ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह का मुख्य उद्देश्य निराश्रित, निर्धन परिवार की कन्या, कल्याणी, परित्यक्ता के साथ ही अधिक से अधिक गरीब परिवारों की विवाह योग्य बेटियों का विवाह संपन्न कराना है, जिससे वे मध्यप्रदेश शासन की इस जनहितकारी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। योजना के तहत वधुओं को उपहार स्वरूप शासन द्वारा दी जाने वाली रूपये 49 हजार की राशि कन्या के खाते में दी जाकर योजना का लाभ दिया गया, साथ ही उनके विवाह समारोह हेतु आवश्यक व्यवस्थाऐं जिनमें मंडप, पुजन व हवन सामग्री, बैठक तथा भोजन व्यवस्था की जाती है।

नगरीय विकास एव आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय जी ने कहा कि हमारे हिन्दु धर्म में 16 संस्कार होते हैं जन्म भी संस्कार है और मृत्यु भी संस्कार है उसके बीच में आने वाले संस्कारों में कर्ण छेदन संस्कार हो उसमें सबसे महत्वपूर्ण पाणिग्रहण संस्कार है और यह पाणिग्रहण संस्कार पूरे समाज के सामने दूल्हे और दुल्हन को पूरा समाज में आशीर्वाद देता है, जीवन आपका सफल हो और आपकी पीढ़ी आपकी संतति का विकास यह हमारे यहां परंपरा रही है। दुनिया के किसी भी देश में ऐसी परंपरा नहीं सिर्फ भारत के अंदर है जहां 7 फेरे लिए जाते हैं अग्नि के साथ और यह शपथ ली जाती है कि सात जन्म तक हमारे साथ रहेंगे।

नगरीय प्रशासन मंत्री श्री विजयर्गीय जी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह में जब मैं आ रहा था, तो मेरी धर्मपत्नि ने कहा कि इतनी कन्याओ का विवाह में जा रहे हो, खाली हाथ नही जाना चाहिये, और आज मेरी भी विवाह वर्षगांठ है, इस पर आज में समस्त 128 जोडे को सफल जीवन के आर्शिवाद के साथ ही समस्त दुल्हनो के लिये लिये धर्मपत्नि की पसंद की साडियां लाया हूॅ, जिसका वितरण यहां किया गया है। मैं इस सफल आयोजन के लिये निगम प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों व प्रभारी श्री मनीष शर्मा मामा को बधाई व शुभकामना देता हूॅ। इसके साथ ही मान. मंत्री जी द्वारा बाबुल की दुआऐं लेती जा..... गीत गाकर दुल्हनो को बिदाई दी गई।

### दिव्यांग युवती पूजा गर्ग ने मजबूत इरादों और बुलंद होसलों से भरी नई उड़ान

# कैंसर जागरूकता को दे रही है नये आयाम



**पूजा के नाम कई सम्मान**

पूजा गर्ग कयाकिंग एंड केनो गेम की इंटरनेशनल प्लेयर है। स्पाइनल कार्ड इंजरी होने के बाद से वे पैराप्लेजिक है। चलने में असमर्थ है। वर्ष 2024 में उन्हें कैंसर जैसी घातक बीमारी का पता चला लेकिन उन्होंने अपने हौसलों को कम नहीं होने दिया। वे बीई इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। पूजा ने भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जो की उज्बेकिस्तान और जापान में चौथी पोजीशन हासिल करी।

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** हौसला बुलंद हो तो मंजिल आसान होती है, फिर चाहे जो मुश्किल आ जाए। ऐसे ही हौसले के साथ इन्दौर में रहने वाली पूजा गर्ग जो इंडिया टीम की कयाकिंग और केनों की पैरा एथलीट है। 2010 में एक घटना में रीड की हड्डी में चोट पहुंचने से पूजा चलने में असमर्थ है और हाल ही में उन्हें बोन कैंसर का पता चला है, पर हार मानने की जगह उन्होंने लड़ने का ठान लिया। वे कैंसर फाइटर होकर अपने मजबूत इरादों और हौसलों से समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रही है। जीवन की कठिनाइयों के बीच पूजा का उत्साह हर किसी को प्रोत्साहित और प्रेरणा देने वाला है। जीवन की इन सभी मुश्किलों के बीच उन्होंने 25 अक्टूबर 2024 को इंदौर से नाथुला तक की करीब 4500 किलोमीटर की यात्रा 14 हजार 400 फीट की विषम और कठिन यात्रा को कैंसर जागरूकता के लिए फोर व्हीलर बाइक से सफलतापूर्वक पूरा किया। नाथुला पहुंचकर उन्होंने तिरंगा फहराया। पूजा के उत्साह को भारतीय सेवा के जवानों ने इस गर्व महसूस करते हुए उन्हें इस साहसी यात्रा के लिए बधाई दी और सम्मान पत्र भेंट किया। उन्होंने इस यात्रा का शीर्षक ठान लिया तो ठान लिया तय कर इस यात्रा को पूरी सफलता के 17 दिनों की अवधि में पूरा किया। उनकी यह यात्रा जिस भी स्थान से गुजरी उन्होंने कैंसर जागरूकता का संदेश दिया। नाथुला पहुंचने पर इंडियन आर्मी ने पूजा को एक स्पेशल प्रशस्ति पत्र सम्मान स्वरूप प्रदान किया। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने पूजा के प्रयासों की प्रशंसा की तथा प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

पूजा का आत्मविश्वास देखते ही बनता है। जीवन की कठिनाइयां उनके उत्साह के आगे नतमस्तक नजर आती है। पूजा स्पाइन सहित कैंसर जैसी घातक बीमारियों से लड़ते हुए समाज में एक सशक्त संदेश दे रही है। पूजा ने बताया कि यात्रा के पीछे उनका मकसद यही था कि लोगों को यह बताना कि बीमारियों से डरना नहीं, उनसे फाइट करते हुए हर बीमारी को हराया जा सकता है।

# जनवरी माह से बायोमैट्रिक मशीनों के माध्यम से ही उपस्थिति मान्य होगी, कलेक्टर आशीष सिंह ने ली बैठक



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** इंदौर जिले के सभी शासकीय स्कूलों और अस्पतालों तथा ग्राम पंचायतों में भी अगले 15 दिनों में उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक मशीनें लग जाएगी। अगले जनवरी माह से बायोमैट्रिक मशीनों के माध्यम से ही उपस्थिति मान्य होगी। इसी आधार पर वेतन भी आहरित होगा। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा ली गई बैठक में दी गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय के पश्चात अब सभी शासकीय विभागों के कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से दर्ज करने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में एक एसओपी भी जारी की गई है। अभी वर्तमान में जिले के सभी शासकीय स्कूलों, अस्पतालों और ग्राम पंचायतों में उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक मशीनें लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अगले 15 दिनों में सभी शासकीय स्कूलों, अस्पतालों और ग्राम पंचायतों में उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमैट्रिक मशीनें लग जाएगी। अगले जनवरी माह से स्कूलों में सभी शिक्षकों, अन्य कर्मचारियों, अस्पतालों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों, ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत के कर्मचारियों, पटवारियों और अन्य ग्राम स्तर के अधिकारियों- कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन के माध्यम से ही मान्य होगी। इसी आधार पर उनका वेतन आहरित होगा। दौरा और अन्य जरूरी कार्य से बाहर जाने पर विधिवत कारण बताना होगा।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, अलीराजपुर (म.प्र.)**

E-mail : eephedalirajpur@rediffmail.com

नि.सू.क्रं.09,10 एवं 11/टेण्डर/लो.स्वा.यां./2024 अलीराजपुर, दिनांक : 19.11.2024

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल https://mptenders.gov.in/ पर निविदा प्रपत्र 'अपेन्डिक्स 2.10' प्रतिशत दर पर आमंत्रित है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :

| क्रं. | ई-टेण्डर का क्रमांक | उपखण्ड | कार्य की अनुमानित लागत रू. लाख में | धरोहर राशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. | निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Removal of Ordinary and Choked Fallen Line and Submersible Motor Pumps of handpump from tubewell i/c arrangement of labour skilled person and arrangement of all tools and plant required for the job including all safety measures etc. all complete in villages. | | | | | | |
| 1 | 2024_PHED_383013_1 | अलीराजपुर | 13.51 | 27020.00 | 2000.00 | 04-12-2024 |
| 2 | 2024_PHED_383014_1 | चन्द्रशेखर आजाद नगर | 13.51 | 27020.00 | 2000.00 | 04-12-2024 |
| 3 | 2024_PHED_383015_1 | जोबट | 13.51 | 27020.00 | 2000.00 | 04-12-2024 |

1. यह केवल संक्षिप्त निविदा है, जो प्रकाशनार्थ जारी की जा रही है। निविदाओं से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

जी-19298/24

कार्यपालन यंत्री
लो.स्वा.यां. खण्ड अलीराजपुर


# मुख्यमंत्री के भोपाल की तरह इंदौर के बीआरटीएस को भी हटाने की घोषणा का स्वागत करता हूं : महापौर

## लोक परिवहन की शेष व्यवस्थाएं बनी रहेगी



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर एवं एआईसीटीएसएल चेयरमैन श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के भोपाल की तरह इंदौर के बीआरटीएस को भी हटाने की घोषणा का स्वागत करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए, इस ऐतिहासिक निर्णय को जनहित में इंदौर के ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से और देश कि वर्तमान में परिस्थिति से निर्णय को उचित बताया है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के इस निर्णय को लेने के कई सारे कारण हो सकते हैं जो मुझे लगते हैं एक एबी रोड पर आने वाले समय में ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से 4-5 पुल बनाने की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं जिसका फिजिबिलिटी सर्वे भी बहुत तेजी से हो रहा है। दूसरा जब इस बीआरटीएस को बनाने की कल्पना हुई थी शहर में अर्बन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने की दृष्टि से और बीआरटीएस के माध्यम से जो पैसा शहर में आया उस कारण से ये पूरा रोड बना सड़क बनी एंड टू एंड सड़क बन गई। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पूरे शहर की दृष्टि से उस बीआरटीएस को यदि हम कर पाते तो एक बड़ी उपलब्धि होती है पब्लिक ट्रांसपोर्ट की दृष्टि से इसलिए कॉमन एरिया में चलने वाले लोगों की सुविधा मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक को सुगम बनाने की दृष्टि से भविष्य में होने वाले निर्माण जो अपने आप ट्रैफिक कंजेशन को ठीक करेंगे। इन कारणों से मुख्यमंत्री जी का यह फैसला बहुत ऐतिहासिक है हम इसका स्वागत करते हैं साथ ही माननीय उच्च न्यायालय में जो जनहित याचिका लगी थी या एक और अन्य कोई याचिका जो लगी है उसके बारे में मैं यह कह सकता हूं कि भले कोई बीआरटीएस हटाने के लिए कोर्ट में गया उसको लेकर माननीय न्यायालय ने समय समय पर अलग-अलग कमिटीज भी बनाई। कई बार फैसले भी आए लेकिन आज उसको हटाने की याचिका लंबित है और माननीय मुख्यमंत्री जी का निर्णय नीतिगत निर्णय पॉलिसी डिसीजन है तो अगर यह नीतिगत निर्णय है।

महापौर ने बताया कि एक बात मैं बहुत स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मान लीजिए बीआरटीएस हट जाता है, फिर भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस बंद नहीं होगी, लोगों की सुविधाओं के लिए चलने वाली बसें बनी रहेगी। हम उसको और सुगम सुलभ बनाने के लिए व्यवस्थाएं देंगे आवश्यकताएं पड़ेंगी, तो बसों की संख्या बढ़ाएंगे अभी पलासिया उसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री जी ने निर्णय लिया है यह ऐतिहासिक भी है और नीतिगत भी है, ये पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसा था वैसा और मजबूत सुलभ बनाने के साथ ही उसको आगे बढाएगे। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में कोई कमी नहीं आएगी और हम तो माननीय मुख्यमंत्री जी से केंद्र सरकार से कहेंगे इंदौर में और बस बढ़ाई जाए नई बसें लाई जाए।

**क्या बसों को बदलना पड़ेगा? क्या नए स्टाफ बनेंगे?**

प्रथम दृष्टया बस बदलनी पड़ेगी लेफ्ट हैंड पर स्टॉप बनाने पडेंगे। इतना ही हमको करना पडेगा वो हम करेंगे। इसलिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट और सुगम हो बसें जो है वो चलती रहेंगी बसें बंद नहीं होंगी। लोगों के लिए आवागमन के संसाधन और जितने बढ़ाने की आवश्यकता होगी वो बढाएंगे। बीआरटीएस जब बना तब और अभी की परिस्थितियों में बदलाव है। इसलिए यह निर्णय जनहित का है। हम इसका स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते हैं।

**इसे हटाने का काम कब से कैसे?**

मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है बाकी उसके और नीतिगत पहलू और उच्च न्यायालय में उसकी जनहित याचिका भी लंबित है तो एक बार उसमें पक्ष रखने के बाद जो निर्णय आएगा, उसके बाद जो दिशा निर्देश प्राप्त होंगे उस आधार पर काम शुरू हो जाएगा।

**हाईकोर्ट फैसले के बाद ही हटाया जाएगा**

चूंकि ये मामला उच्च न्यायालय में लंबित है इस पर 2-3 माननीय न्यायाधीश महोदय के अलग-अलग व्यूज भी आए हैं तो एक याचिका के निराकरण के बाद होना।


**कार्यालय तहसीलदार तहसील सोनकच्छ**
**जिला-देवास (म.प्र.)**

क्रमांक 3446/
आर-1/2024 सोनकच्छ, दिनांक : 22/11/2024

:: विज्ञप्ति ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर महोदय देवास के प्रकरण की आदेशिका दिनांक 19/11/2024 के अनुसार आयुक्त, निदेशक सार्वजनिक शिक्षा जिला देवास के द्वारा प्रारूप-01 में आवेदन प्रस्तुत कर तहसील सोनकच्छ के ग्राम काराडियागदा में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं. 676 रकबा 1.1500 हेक्टर एवं ग्राम सोनकच्छी स्थित भूमि सर्वे नं. 167 रकबा 1.1500 हेक्टर, सर्वे नं. 184 रकबा 0.1800 हेक्टर इस प्रकार कुल किता 03 कुल रकबा 2.48 हैक्टर भूमि पर सी.एम. राईज स्कूल निर्माण हेतु भूमि आवंटन करने हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण शासन के नवीन प्रचलित परिपत्र मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत आगामी कार्यवाही हेतु स्थानांतरित किया गया है।

अत: उपरोक्त उल्लेखित भूमि आवंटन किये जाने में अगर किसी व्यक्ति, विशेष, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में पेशी दिनांक 04/12/2024 तक प्रस्तुत करें। बाद मियाद पेश आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
सोनकच्छ, जिला-देवास (म.प्र.)



**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील सोनकच्छ जिला-देवास म.प्र.**

क्रमाक : 3634/आर-1/2024 सोनकच्छ, दिनांक 22/11/2024

//विज्ञप्ति //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर महोदय देवास के प्रकरण की आदेशिका दिनांक 19/11/2024 के अनुसार आयुक्त, निदेशक सार्वजनिक शिक्षा जिला देवास के द्वारा प्रारूप-01 में आवेदन प्रस्तुत कर तहसील सोनकच्छ के ग्राम काराडियागदा में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं. 676 रकबा 1.1500 हैक्टर एवं ग्राम सोनकच्छी स्थित भूमि सर्वे नं. 167 रकबा 1.1500 हैक्टर, सर्वे नं. 184 रकबा 0.1800 हैक्टर इस प्रकार कुल किता 03 कुल रकबा 2.48 हेक्टर भूमि पर सी.एम. राईज स्कुल निर्माण हेतु भूमि आवंटन करने हेतु आवेदन किया गया है। प्रकरण शासन के नवीन प्रचलित परिपत्र मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत आगामी कार्यवाही हेतु स्थानांतरित किया गया है।

अत: उपरोक्त उल्लेखित भूमि आवंटन किये जाने में अगर किसी व्यक्ति, विशेष, संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति प्रकरण में पेशी दिनांक 04/15/2024 तक प्रस्तुत करें। बाद म्याद पेश आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

तहसीलदार सोनकच्छ
जिला देवास (म.प्र.)



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि./यां. संभाग क्रं.15,**
**ई-1/7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78, विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)**

:: निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन ::

| सं. क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2024_NVDA_383082_1 | कठोरा उद्वहन सिंचाई परियोजना के स्टेज क्रं.04 पर स्थित 150 एच.पी. मोटर एवं होरिजोटल स्प्लिट केस पंप नं.04 से संबंधित सुधार कार्य एवं स्पेयर पार्टस बदलने जाने का कार्य। | रू.317450.00 (रूपये तीन लाख सत्रह हजार चार सौ पचास) मात्र | रू.6349.00 (रू. छ: हजार तीन सौ उनपचास) मात्र | रू.2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत तथा विद्युत लायसेंस 'अ' श्रेणी | 21 दिन |
| 2 | 2024_NVDA_383095_1 | एन.व्ही.डी.ए. कॉलोनी कसरावद, मण्डलेश्वर जिला खरगोन में स्थित ट्यूबवेल को गहरा किए जाने एवं रिचार्ज पिट के निर्माण का कार्य। | रू.196399.00 (रूपये एक लाख छियानवें हजार तीन सौ निन्यानवे) मात्र | रू.3928.00 (रू. तीन हजार नौ सौ अठ्ठाईस) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |
| 3 | 2024_NVDA_383255_1 | जोबट परियोजना में मुख्य नहर के आर.डी. 380 मीटर गांव इंदवान में 1 क्रास रेगुलेटर, 2 एस्केप और 1 नाला गेट की सप्लाईंग फिक्सिंग, सुधार और मरम्मत कार्य। | रू.427681.00 (रूपये चार लाख सत्ताईस हजार छ: सौ इक्यासी) मात्र | रू.8554.00 (रू. आठ हजार पांच सौ चौवन) मात्र | रू.2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |
| 4 | 2024_NVDA_383267_1 | नानपुर जिला अलीराजपुर (म.प्र.) जोबट परियोजना में एल.बी.सी. मेन केनाल ग्राम हल्दी में आर.डी. 10270 मी. पर स्थित 01 नग हेड रेग्यूलेटर गेट (500mmx 500mm) का सुधार एवं मरम्मत कार्य। | रू.91770.00 (रूपये इक्यानवे हजार सात सौ सत्तर) मात्र | रू.1835.00 (रू. एक हजार आठ सौ पैतिस) मात्र | रू.1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल में केन्द्रीयकृत पद्धति के अंतर्गत पंजीकृत | 21 दिन |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 10/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 12/12/2024, 10.30 से 12/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 12/12/2024, 10.30 से 12/12/2024, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं।

निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

जी-19285/24

कार्यपालन यंत्री
न.वि.वि./यां.सं. क्रं.15, इन्दौर

# सम्पादकीय

## थाली में भी कटौती करने पर मजबूर

महंगाई बढने और उसके अनुरूप आमदनी ना बढने पर पहली कोशिश भोजन को अप्रभावित रखने की होती है। जब भारत में बहुत से लोग थाली में भी कटौती करने पर मजबूर हैं, तब बाकी उपभोग पर उसकी मार पडना लाजिमी है।मार्केट रेटिंग फर्म क्राइसिल की थाली की लागत के बारे में ताजा रिपोर्ट फिर से इस हकीकत पर रोशनी डालती है कि भारत में आम इनसान की जिंदगी कितनी मुहाल होती जा रही है। क्राइसिल का ताजा अनुमान है कि सिर्फ एक महीने- अक्टूबर में शाकाहारी थाली की औसत लागत 20 प्रतिशत बढ़ी। बढ़ोतरी का ये सिलसिला लंबा हो चुका है। मांसाहारी थाली की लागत में पिछले महीनों में जरूर कुछ गिरावट देखी गई थी, लेकिन वो सिलसिला अक्टूबर में टूट गया। बीते महीने मांसाहारी थाली की लागत पिछले वर्ष के अक्टूबर की तुलना में पांच प्रतिशत बढ़ गई।क्राइसिल के मुताबिक थाली की कुल कीमत में सब्जियों का हिस्सा 40 प्रतिशत होता है। अक्टूबर में प्याज और आलू के दाम में क्रमशः 46 और 51 फीसदी का इजाफा हुआ। अक्टूबर 2023 में टमाटर औसतन 29 रुपये किलोग्राम उपलब्ध था, जबकि बीते अक्टूबर में यह औसतन 64 रुपये किलो बिका। बेशक इन सब्जियों के दाम आने वाले हफ्तों में गिरेंगे। उससे थाली की औसत लागत में राहत मिल सकती है। मगर अक्टूबर में दालें 11 प्रतिशत और खाद्य तेल 10 प्रतिशत महंगे हुए। ऐसी वस्तुओं की कीमत में जो वृद्धि हो जाती है, वह शायद ही कभी आगे जाकर घटती है। सिर्फ अक्टूबर की इस सूरत से समझा जा सकता है कि आम लोगों के आम उपभोग में क्यों गिरावट आई है, जिससे अब कॉरपोरेट सेक्टर की बड़ी कंपनियों की बिक्री भी प्रभावित होने लगी है।किसी भी परिवार में महंगाई बढने और उसके अनुरूप आमदनी ना बढने पर पहली कोशिश भोजन को अप्रभावित रखने की होती है। जब भारत में बहुत से लोग थाली में भी कटौती करने पर मजबूर हैं, तब बाकी उपभोग पर उसकी मार पडना स्वाभाविक है। मगर दुखद यह है कि इस थाली की प्रभु वर्ग में किसी को चिंता नहीं है। राजनीतिक दलों में जाति और मजहबी पहचान की सियासत से चुनावों में अपनी बैतरणी पार करने का भरोसा अटूट बना हुआ है, जबकि मीडिया का सारा विमर्श इस सायास कोशिश से प्रेरित है कि ऐसे मुद्दों को चर्चा से दूर रखा जाए। नतीजा आम लोग भुगत रहे हैं।

## किसी पुरूष का टूटना...

मात्र टूटना नहीं था, ये
टूटना था, एक सम्पूर्ण
वृक्ष का, हरे - भरे पत्तों से,
फूलों और फलो से
लदे एक सम्पूर्ण वृक्ष का..।

त्रासदी यह थी,
उसके आंसू, रेगिस्तान
की रेत में मिले पानी
सा था, जो आँखों के
भीतर ही भीतर
सूखता जाता था,
या बाँध था कोई उसकी
आँखों के भीतर.... ।

मैं सोचती हूँ, कैसी
विडंबना है, एक पुरुष
को रोना क्यों नहीं
सीखाया गया..
भीष्म पितामह की तरह
आजीवन शूल शैय्या पर
व्यतित करते, कुछ ना
कह पाने की असमर्थता
लिए, सीने पर किसी
चट्टान सा भार लिए
चलते जाते हैं...
मैं आश्चर्य से भर उठती
हूँ, देखकर उसके
कठोर सीने पर,
घावों के तमाम निशान,
जो बड़ी शिद्दत से छुपा
लेते है वो, और मैं सोचती हूं
क्या ये दम्भ है उसका.. ?

प्रथम प्रणय के विरह
की अथाह पीड़ा कभी
जता भी ना पाया
कोई रो पड़ी थी फूटकर,
छुड़ाकर अपना हाथ
उसके हाथो से..,
वो बन पाषाण का
मुस्कराता रहा था,
अपने ख्वाबों से,
ख्वाहिशों से खुद को
आजाद करा, चल पड़ता
था उसी मार्ग पर जो
पिता ने उसे दिखाया था..।

किसने कहा फब्तियां
स्त्री पर ही कसी जाती है,
चीर दे पाषाण का हृदय
भी, वो फब्तियां उसने भी
झेली थी, मूँद कर आंखों
को उसने, दर्द का घूंट
पी लिया, कैसे कह दे
हार रहा है, पुरुष है
कहाँ शोभा उसे देता है..
चक्की के दो पाटों के बीच,
वो सदा ही पिसता रहता है
राम सा मर्यादित रहने को,
हर दर्द दवा सा पीता है...।



विनय उजाला

**आध्या रेणु**

## सिसकन...

वो आँखों में जो ले कर दर्द का दरिया सिसकता है
ज़माना में उसे रोने का हक़ भी तो न मिलता है।

नहीं महसूस हो एहसास जिसको मर्द होता वो
बताए कोई इन मर्दों का भी दिल क्या धड़कता है

जो ज़िम्मेदारियाँ लादे हुए घर भर की अपने सिर
किसे परवाह दर दर वास्ते किसके भटकता है।

सभी की करता फ़रमाइश वो जो पूरी लगा के जाँ
कहीं उसके भी अरमानों का जंगल तो झुलसता है।

किए बिन उफ़्फ़ तकलीफ़ें सहे जाता जहाँ भर की
यही तो खासियत अपनों पे ही वो जीता मरता है।



विनय उजाला

**हरप्रीत कौर (प्रीत)**

## उम्र के साथ-साथ

ख्वाब भी बदल जाते हैं,

ख्वाहिशें कुछ और हो जाती है,
जीवन के रंग और हो जाते हैं

मिलना बिछड़ना सहज लगता है
अब, खोने पाने के रंज कहां रह जाते हैं,
नाराजगी, नफरतें कहां छूट जाती हैं,
यादें अब कहानियां बन जाती हैं,

उम्र के साथ बदल जाती है सोच,
चेहरा ही नहीं बदलना सिर्फ,

जीने का नज़रिया बदल जाता है,
उम्र के साथ मिलते हैं

नये रंग जिंदगी को,
ठहराव आता है

बयार जिंदगी में,
रहने का सलीका बदल जाता है!



विनय उजाला

**मनीषा शर्मा**

इराकी मिलिशिया पहले ही इजराइल पर हमले कर रहा है। यमन के हूती लाल सागर में अपने हमलों से जहाजों के आने जाने को रोके हुए हैं। उन्होंने अमेरिका के युद्ध पोत, जिससे लड़ाकू विमान उड़ान भरते थे, को भारी नुकसान पहुंचाया है। मजबूरन अमेरिका को अपना युद्ध पोत वापस बुलाना पड़ा है।

# अडानी विवाद 2.0 इस बार समस्या बड़ी है

विजय कपूर



विनय उजाला



अडानी ग्रीन एनर्जी लि. के चेयरमैन गौतम अडानी व उनके भतीजे सागर अडानी (पुत्र राजेश अडानी) सहित 11 व्यक्तियों को अमेरिका के न्याय विभाग ने भारत में अधिकारियों को रिश्वत देने व निवेशकों को गुमराह करने के आरोप में इंडिक्ट किया है और उनके खिलाफ़ गिरफ्तारी के वारंट जारी किये हैं। इन लोगों पर आरोप है कि अनुकूल शर्तों पर सोलर पॉवर कॉन्ट्रैक्ट्स हासिल करने के लिए 285 मिलियन डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रूपये) रिश्वत में देने की जो विस्तृत योजना बनायी गई थी, उसमें यह लोग शामिल थे। इंडिक्टमेंट का अर्थ है अभियोग। जांच के बाद ग्रैंड जूरी यह तय करती है कि जो साक्ष्य रिकॉर्ड में हैं, वह ट्रायल आरंभ करने के लिए पर्याप्त हैं और इंडिक्टमेंट जारी किया जाता है- बचाव पक्ष के विरुद्ध औपचारिक आरोपों की सूची। इंडिक्टमेंट अमेरिका में इसलिए हुआ है क्योंकि बचाव पक्ष पर आरोप है कि रिश्वत देने के लिए पैसा अमेरिकी निवेशकों से एकत्र किया गया, उन्हें गलत स्टेटमेंट्स से गुमराह करके और मटेरियल तथ्यों को छुपाकर।

हालांकि इंडिक्टमेंट में कहा गया है कि रिश्वत देने के कृत्य को विस्तृत तौरपर डॉक्यूमेंट किया गया है कि सागर अडानी ने इसकी डिटेल्स को अपने सेलफोन पर ट्रैक किया, विनीत जैन (सीईओ अडानी ग्रीन एनर्जी) ने फोन का इस्तेमाल करते हुए रिश्वत राशि को डॉक्यूमेंट करने के लिए तस्वीरें लीं और रुपेश अग्रवाल (चीफ स्ट्रेटेजी एंड कमर्शियल ऑफिसर, अज़ूर पॉवर) ने पॉवरपॉइंट, एक्सेल पर रिश्वत की समीक्षा की, लेकिन अडानी समूह ने इन विस्फोटक आरोपों का यह कहते हुए खंडन किया है कि जब तक दोषी साबित न हों तब तक निर्दोष हैं। बहरहाल, इस घटनाक्रम का व्यापक प्रभाव संभावित है, जिसमें शामिल है अडानी समूह की इज्ज़त पर बट्टा लगना। अमेरिकी बाज़ार से भविष्य में फंड्स एकत्र न कर पाना, विदेश यात्राओं में कटौती करने की मजबूरी, भारतीय राजनीति में भूचाल आना जबकि संसद का शीतकालीन सत्र आरंभ होने जा रहा है, आदि। विपक्ष जहां नये सिरे से जेपीसी जांच और गिरफ्तारी की मांग करेगा वहीं अमेरिका, भारत के दूसरे सबसे रईस व्यक्ति गौतम अडानी व उनके भतीजे सागर अडानी सहित अन्य आरोपियों के प्रत्यर्पण के लिए दबाव बनायेगा। भारत और अमेरिका के बीच 25 जून 1997 से प्रत्यर्पण संधि है। अब यह जानी पहचानी सी बात हो गई है कि अडानी समूह के लिए बुरी खबर आती है और उसके स्टॉक्स क्रैश कर जाते हैं, बांड इश्यू को रोक दिया जाता है, समूह की प्रेस रिलीज़ आरोपों का खंडन करती है और सियासी भूचाल आ जाता है। लेकिन इस बार कहानी काफी अलग है- हिंडनबर्ग अमेरिका में निजी समीक्षा फर्म है, एसईसी (सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन), जिसने समानांतर सिविल केस दायर किया है, अमेरिका का शक्तिशाली बाज़ार नियामक है। एसईसी की जांच का प्रभाव भी बड़ा व गहरा होने जा रहा है। साथ ही इस बार आरोप रिश्वत के व अमेरिकी निवेशकों को गलत सूचनाएं देने के हैं और वह भी अमेरिका के विशिष्ट कानून के तहत। ज़ाहिर है कि तुलनात्मक दृष्टि से इसके दांत अधिक पैने हैं, बजाय निजी आरोपों के कि समूह के स्टॉक मज़बूत करने के लिए पैसे का हेर-फेर किया गया था। अडानियों के लिए समस्या इस बार अधिक गंभीर इसलिए भी है क्योंकि न्यूयॉर्क में उनके खिलाफ गिरफ्तारी के वारंट भी जारी हुए हैं। हां, यह सही है कि इस बारे में भविष्यवाणी करना असंभव है कि एसईसी जांच का नतीजा आख़िरकार क्या निकलेगा? याद रखें कि कॉर्पोरेट के अन्य बड़े नामों जैसे सीमेंस, पेट्रोब्रास, हालीबर्टन, गोल्डमैन साश आदि ने भी खुद को एसईसी के निशाने पर पाया है। एक बड़े कॉर्पोरेट समूह के लिए यह दुर्लभ ही है कि वह बहुत कम समय में अनेक विवादों में फंस जाता है। विवाद में फंसने के बाद अपने आपका बचाव करने की प्रक्रिया में भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। अनेक देशों में काम करने वाले अडानी समूह जैसे बड़े कॉर्पोरेट के लिए ग्लोबल स्तर पर यह अच्छी खबर नहीं है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने कहा है कि अमेरिका के रिश्वत व धोखाधड़ी इंडिक्टमेंट के बाद उन्होंने अडानी समूह के साथ एअरपोर्ट विस्तार व एनर्जी के मल्टीमिलियन डॉलर करार को रद्द कर दिया है। अब कम से कम निकट भविष्य में तो अडानी समूह के लिए अमेरिका में फंड एकत्र करना कठिन हो जायेगा। फंड्स एकत्र करने के अन्य अंतर्राष्ट्रीय विकल्प भी प्रभावित होंगे। भारत में भी, इस समूह के निवेशकों पर दोबारा मार पड़ी है, जबकि वह पिछले नुकसानों से भी पूरी तरह से उबर नहीं पाये थे। इसलिए इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भारतीय निवेशकों व ऋणदाताओं में भी इस समूह के प्रति संकोच उत्पन्न होगा। अडानी का मुख्य व्यापार विभिन्न प्रकार के इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण व प्रबंधन है। इस कारण यह एक ऐसा समूह है जिसे हर दम पूंजी की ज़रूरत होती है, इसलिए वह बड़े फंडिंग स्त्रोतों पर निर्भर है। जो लोग अडानी के लिए योजना बनाते हैं उन्हें मालूम होगा कि अपने पहले कार्यकाल में डोनल्ड ट्रम्प फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्ट को यह कहते हुए निरस्त करना चाहते थे कि यह विदेश में कारोबार कर रही अमेरिकी कम्पनियों के लिए अनुचित है। इसके बावजूद इस उम्मीद पर योजना बनाना बेवकूफी होगी कि ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में इस कानून को रद्द ही कर देंगे। ट्रम्प आग में अन्य लोहों को गर्म कर रहे हैं। जब बात सरकारों और व्यापार की आती है तो हर भारतीय यह मानकर चलता है कि मेज़ के नीचे से ही सौदेबाज़ी होती है, भले ही यह आरोप सच हो या केवल कल्पना। आर्थिक सुधारों के बाद से तो ऊर्जा सेक्टर में विशेषरूप से सैंकड़ों विवाद सामने आये हैं, जो एनरोन से आरंभ हुए थे। हर एक की कहानी अलग अलग है, सभी आरोप क़ानूनन साबित भी न हो सके और अनेक मामले बहुत जटिल भी थे। लेकिन एक साधारण सा पैटर्न है- व्यापारी तथाकथित तौरपर खेल करते हैं, जो कागज़ पर नियम-आधारित होता है और सरकारी अधिकारी व नेता तथाकथित तौरपर किसी चीज़ के एवज़ में उन्हें अनुगृहीत करने में खुश रहते हैं। अत: यह मुश्किल ही लगता है कि नवीनतम विवाद से दोनों पक्षों के नज़रिए में कोई सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। इस आशंका के बावजूद, अडानी विवाद 2.0 का एक बड़ा सबक यह है कि ग्लोबल स्तर पर काम करने के लिए भारतीय कॉर्पोरेट को अपनी हरकतों में सुधार लाना होगा। इसका अर्थ यह है कि कॉर्पोरेट और राजनीतिक दलों के बीच जो 'एक दूसरे को खुश करने का चक्र है' उसे तोड़ना पड़ेगा। यह तभी हो पायेगा जब राजनीतिक फंडिंग केवल कॉर्पोरेट पर ही निर्भर न रहे। जब तक हर प्रकार की सियासत को कॉर्पोरेट फंडिंग रहेगी तब तक भ्रष्टाचार जारी रहेगा, विधायक बिकते रहेंगे, पैसे देकर रैलियों में भीड़ जुटायी जाती रहेगी और मतदान की पूर्व संध्या पर कैश बंटता रहेगा। चुनावी बांड्स इस भ्रष्टाचार की एक मिसाल है। संक्षेप में बात इतनी सी है कि सियासत साफ़ सुथरी होगी, अपने फंड्स मतदाताओं के ऐच्छिक योगदान से एकत्र करेगी तो कॉर्पोरेट के भ्रष्टाचार पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा।

**(लेखक सम-सामयिक विषयों के विश्लेषक हैं)**

# शार्प शूटरों की दुनिया उर्फ़ दहशत की खौफनाक पटकथा

एन.के.अरोड़ा

उसके चेहरे में न तो किसी तरह की कोई शिकन थी,न डर, न पछतावा। बात मुंबई के बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के मुख्य आरोपी और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर शिव कुमार गौतम उर्फ शिवा की है। उसे 10 नवंबर 2024 को यूपी एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच ने मिलकर नेपाल बॉर्डर से 19 किमी पहले नानपारा में तब दबोच लिया,जब वह अपने कुछ मददगारों की मदद से नेपाल भागने की फिराक में था। अपने पकड़े जाने के पहले भले उसने पुलिस को चकमा देने की कितनी ही कोशिशें की हों,लेकिन एक बार दबोच लिए जाने के बाद उसके रवैय्ये में वही खून जमा देने वाला ठंडा और खूंखार अंदाज तारी हो गया, जो संगठित अपराध की दुनिया के शार्प शूटरों में हमेशा पाया जाता है। अपने इसी खूंखार कैरेक्टर के कारण अपराध की दुनिया में ये शार्प शूटर,किसी भी अपराधी संगठन की बड़ी ताकत माने जाते हैं। सटीक निशाना,सौंपे गए टार्गेट को आनन फानन में अंजाम देना, यही वो खासियतें होती हैं,जो इन्हें किसी भी आपराधिक गैंग में बेहद ख़ास बनाती हैं। भारत के क्राइम अंडरवर्ल्ड में शार्प शूटरों की हमेशा से एक अलग ही चौंड़ रही है। क्योंकि ये लोग क्राइम सिंडिकेट्स के लिए दहशत फैलाने, प्रतिद्वंद्वियों का सफाया करने और कारोबारियों, राजनेताओं या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों को धमकाने का काम बहुत सफाई और बेख़ौफ़ ढंग से करते हैं।

इसलिए भारत में संगठित अंडरवर्ल्ड के गढ़ मुंबई में हमेशा से वास्तविक दहशत इन्हीं शार्प शूटरों की बदौलत रही है। अपनी उच्च सटीकता वाली निशानेबाजी की बदौलत अंडरवर्ल्ड में शार्प शूटर आपराधिक संगठनों की ताकत और विस्तार की मजबूत कड़ी होते हैं। इसीलिए इन्हें इन संगठनों में विशेष सुरक्षा और उच्च वेतन मिलता है। मुंबई अंडरवर्ल्ड में शार्प शूटरों का जलवा सबसे ज्यादा पिछली सदी के 1980 और 1990 के दशकों में देखा गया। उन दिनों जब कई अपराधी गुट प्रतिद्वंद्विता में उलझे हुए थे और इन प्रतिद्वंदिताओं में बड़ी भूमिका शार्प शूटरों की ही हुआ करती थी। क्योंकि ये शार्प शूटर निशाना साधने में कुशल होने के कारण, दुश्मन को निपटाने का काम बड़ी सफाई और गोपनीयता से कर लेते हैं। इस कारण इनका प्रभाव इनके हर दुस्साहसी कारनामें के बाद बढ़ता जाता है।

अगर हम हिंदुस्तान के पिछले पांच दशकों के सबसे खतरनाक शार्प शूटरों की लिस्ट बनाएं तो इसमें दाऊद इब्राहिम का शूटर शाहिद अज़ीज़ उर्फ़ लाला, अरुण गवली का शार्प शूटर अशोक जोशी, छोटा राजन का शूटर विजय सालस्कर,दाऊद का ही एक और शार्प शूटर शकील बाबा तथा बाद में डी कंपनी बनने के बाद सुर्ख़ियों में रहा बाबू रेशी। ये कुछ ऐसे खूंखार शार्प शूटर हैं, जिनके कारण मुंबई पुलिस के अधिकारी आज भी इनके नये पुराने किस्से सुनाते हुए दहशत महसूस करते हैं। अपराध की स्याह दुनिया में पहले खूंखार शार्प शूटर के तौरपर दाऊद इब्राहिम के शूटर शाहिद अजीज उर्फ़ लाला ने सुर्खियां बटोरी थीं। लाला ने एक दर्जन से ज्यादा खूंखार हत्याएं करके मायानगरी को दहशत से भर दिया था। उसका निशाना भेड़िये की तरह बिलकुल सटीक होता था। वह अपने सटीक निशाने और दुस्साहस के लिए कुख्यात था। उसने दाऊद के प्रतिद्वंद्वियों के बीच दहशत का वातावरण बना दिया था। कुछ ऐसा ही प्रभाव बाद में अरुण गवली के शार्प शूटर अशोक जोशी का रहा। गवली गिरोह के लिए काम करते हुए अशोक जोशी, अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगातार हत्या और हमलों में शामिल रहा। उसका नाम भी मुंबई के कई चर्चित हत्याकांडों से जुड़ा रहा है।

इसी क्रम में छोटा राजन के शार्प शूटर विजय सालस्कर को भी याद किया जाता है। उसने भी अजीज लाला और अशोक जोशी की तरह कई खूंखार हत्याएं कीं और प्रतिद्वंदी गुट के लोगों को हमेशा अपने नाम से डराया। यह अलग बात है कि जल्द ही पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के कारण उसके खाते में कई खूनी मुठभेड़ें आने से बच गईं। दाऊद इब्राहिम के एक और शार्प शूटर शकील बाबा का नाम भी एक जमाने में प्रतिद्वंदी गुटों के लिए दहशत का पर्याय था। शकील बाबा सबसे ज्यादा प्रतिद्वंदी संगठनों के ठिकानों पर हमला किया। डी कंपनी का ही बाबू रेशी ऐसा ही शार्प शूटर रहा है, जिसकी गिनती शार्प शूटरों में होती है। सवाल है आखिर शार्प शूटर बनते कौन हैं? चूंकि शार्प शूटर बनने के लिए कहीं से कोई ट्रेनिंग प्रोग्राम तो है नहीं, इसलिए बड़ी संख्या में इस दुनिया में वही कदम रखते हैं, जिनका पहले से ही अपराध की स्याह दुनिया से रिश्ता होता है। लेकिन अगर शार्प शूटरों की आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि देखी जाए तो ज्यादातर शार्प शूटर आर्थिक संकट से घिरे और सामाजिक रूप से निचले पायदानों से आते हैं। जिसके पीछे अभाव तो एक कारण होता ही है, उससे भी कहीं ज्यादा बड़ा कारण कई बार सामाजिक रूप से सताया जाना, रोजगार का अभाव आदि होते हैं। कम समय में शॉर्टकट से काफी पैसा कमाने का लालच और लोगों पर अपनी ताकत का रौब जमाना भी इस क्षेत्र में आने के आकर्षणों में से होते हैं। हां, कुछ लोग पहले से ही घरों के आपराधिक पृष्ठभूमि के चलते भी इस क्षेत्र में आसानी से आ जाते हैं, लेकिन जहां तक इनके खूंखार पटकथा सरीखे मनोविज्ञान की बात है, तो उनका यह मनोविज्ञान हिंसा के प्रति इनकी संवेदनहीनता और अपने इर्दगिर्द बहुत ज्यादा हिंसा देखने के चलते पैदा होता है। रूतबे और पैसे के मोह से लेकर भावनात्मक रूप से जीवन में कभी सताये जाने का भी कई बार नतीजा शार्प शूटर जैसे खूंखार अपराधी के बनने में होता है, क्योंकि शार्प शूटरों को आमतौर पर अपनी भावनाओं में काबू पाने का गुण नहीं होता, इसलिए इन्हें किसी की नृशंस हत्या करने में जरा भी संकोच नहीं होता। यह बात भी है कि ये पहले से ही जानते होते हैं कि इनका जीवन बहुत लंबे समय नहीं रहेगा, इसलिए इन्हें अपने जीवन से बहुत ज्यादा मोह नहीं होता। जीवन से विमोह की यह स्थिति भी किसी शार्प शूटर को आशंका से ज्यादा खूंखार बनाती है।

विनय उजाला

-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर





# यह उत्साह, यह खुशी और उल्लास ने मजमुई शादी को ऐतिहासिक बना दिया शाबाश बड़वानी





इब्राहिम रिज़वी

**कहते हैं, जिद, जज्बा और जुनून कठिन से कठिन राह को भी आसान बना देती है। ऐसे ही जुनूनी है बड़वानी बोहरा समाज के बाशिंदे। यहां की मिट्टी में और पानी में ये पेवस्त हैं कि जिस काम को हाथ में लिया है उसे मुकम्मल करना है। यहां के लोगों की यह उम्मीद, यह सपना, यही ख्वाहिश ही तो है, जो इस तरह बड़वानी के लोगों को अलग करती है और बाहर के लोगों को आकर्षित करती हैं और खींच लाती है।**

बड़वानी के बोहरा समाज ने अपने माथे पर सफलता का एक और साफा बांध लिया। निमाड़ में मजमुई शादी का यह कार्यक्रम एक मिसाल बन गया ।ऐसा लगा मानों घर में ब्याह है और समाज के लोग और सामाजिक संस्थाओं की टीम उसी तरह खाना-पीना छोडक़र भिड़ी थी। समाज के संस्थाओं के प्रमुख के साथ, सदस्यों से लेकर बच्चों के मिले-जुले प्रयासों से यह सफलता हासिल हुई।

वैसे भी बड़वानी बोहरा समाज उत्सव प्रेमी है,किसी का काम हों और सामने वालें ने कहा कि देख लेना तो जब तक काम मुकम्मल ना हों जिस पर यह जिम्मेदारी है वह हटता नहीं। यहां का अपनत्व, मोहब्बत और खुलूस और एक साथ आने का जज़्बा यहां की आबोहवा के साथ लोगों मे पेवस्त है।

और जब नेतृत्व कर्ता कुशल हो तो आधी सफलता कार्य के पहले ही संपन्न हो जाती है। बुधवार और गुरुवार को बुरहानी बाग मे मजमुई (सामुहिक) शादी संपन्न हुई।

सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की दुआ और रजा की बरकत से आमिल साहब शेख़ शब्बीर भाई के साथ अंजुमन ए नजमी जमात और शहर की तमाम संस्थाओं के खिदमतगुजारों ने दिन रात एक कर मजमुई शादी समारोह को न केवल सफल बनाया बल्कि इसे शोहरत की बुलंदी पर पहुंचा दिया।

सय्यदना साहब की मंशा कि समाज के अधिक से अधिक जोड़े सामुहिक शादी के कार्यक्रम मे शामिल हो इसीलिए आप जहां पधारते है वहां पर र फिजूलखर्ची और विवाह मे बढ़ते हुए खर्च से आर्थिक परेशानी का सामना ना करना पड़े इसी उद्देश्य से मजमुई शादी को बढ़ावा दिया जा रहा है।

6 जोड़े की शादी समारोह का हर कार्यक्रम और रस्में सभी उम्मीद से अच्छी हुई। टेंट से लेकर नाश्ता हो या भोजन, या फिर शहरगस्त हर चीजें तय समय पर और खूबी के साथ हुई और यह टीमवर्क के साथ शानदार नेतृत्व की वजह से पूर्ण हुआ।

जैनी और तय्यबी स्काउट बैंड पर अनुशासन के साथ चलते स्काउट दल के सदस्य, आकर्षक आतिशबाज़ी, सजीला शामियाना और खुबसूरत मंच ने इस कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए।

बोहरा समाज के 53 वे दाई डॉक्टर सय्यदना मुफद्दल सैफुद्दीन मौला के मई 2023 मे बड़वानी मे ऐतिहासिक सफर मे भी यहां जिस तरह अनुशासन और मेहमाननवाजी के साथ मील का पत्थर बनाया था उसी माईल स्टोन से आगे बढ़ते हुए लगातार दुसरे वर्ष मजमुई शादी को ऐतिहासिक बना दिया।

अंजुमन ए नजमी जमात,टीसीएन कमेटी, बुरहानी गार्ड्स, बुरहानी वीमेन, सुजाई कमेटी,हिज्बे मिनी जमाली, बुरहानी वर्किंग कमेटी, बुनय्याद इदिज्जहाबी, सबील ए हुसैन कमेटी, शबाब इदिज्जहाबी, नजाफत कमेटी,सक्काए अब्बास कमेटी, अली ग्रुप, एफ एम बी कमेटी, दाना कमेटी, हिज्बे जमाली, हिज्बे सैफी कमेटी के सभी साथियों ने दिन रात एक कर कार्यक्रम को सफलता के शिखर पर पहुंचाया।

बहरहाल बड़वानी के बोहरा समाज के आम से लेकर खास लोगों को मजमुई शादी को सफल बल्कि ऐतिहासिक बनाने के लिए दिली मुबारकबाद।

## संक्षिप्त समाचार

### जननायक टंट्या भील का जीवन संघर्ष और राष्ट्र प्रेम का प्रेरणा स्रोत है : डॉ. मोहनलाल कोरी



**खरगोन, निप्र।** सन 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी वीरों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में मध्यप्रदेश के जनजातीय समाज के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी टंट्या भील का नाम बड़े सम्मान एवं आदर के साथ लिया जाता है। जननायक टंट्या भील का जीवन संघर्ष और राष्ट्र प्रेम का प्रेरणा स्रोत है । विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मोहनलाल कोरी ने जनजातीय समाज के इस महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारजनों से सौजन्य भेंट कर उनके जीवन और संघर्ष के बारे विस्तार से बातचीत की। टंट्या भील वंशज चौथी पीढ़ी एवं संरक्षक दरियाव सिरसाटे ने बताया कि जननायक क्रांतिकारी टंटया भील का जन्म 4 अप्रैल 1842 का खंडवा जिले में अपने ननिहाल में हुआ था। बाल्यावस्था में माता के निधन हो जाने से उनके पिता भाऊसिंह द्वारा लालन पोषण कर लाठी गोपन व तीर कमान चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। लगातार 15 वर्ष तक गुरिल्ला युद्ध करके अंग्रेज शासन को समाप्त करने के लिये परमवीर क्रांतिकारी अजेय योद्धा टंट्या भील ने क्राति की अलख जनमानस में जगाई। निहत्थे क्रातिकारी टंटया भील को छल पूर्वक अंग्रेज शासन ने गिरफ्तार करके जबलपुर जेल भेज दिया। जहां उन पर अमानवीय अत्याचार करके मुकदमा चलाया गया। 04 दिसम्बर 1889 को उन्हें फांसी दे दी गई। कुलगुरु मोहनलाल कोरी ने कहा कि जननायक टंट्या भील के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर हम विश्वविद्यालय के माध्यम से उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनाएंगे। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. जीएस चौहान, डॉ. राजाराम आर्य, प्रो मनोज भार्वे तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भिक्षावृत्ति रोकने के लिए किये गए उपायों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

**खरगोन, निप्र।** राज्य शासन द्वारा भिक्षावृत्ति में लिप्त गरीब व्यक्तियों, अशिक्षित बच्चों, महिलाओं और दिव्यांग व्यक्तियों का सर्वे कर उनकी पहचान एवं डाटा बैंक तैयार करने तथा उनके पुनर्वास के लिए एडवायजरी जारी की गई है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि भिक्षावृत्ति से संबंधित एडवायजरी के बिंदुओं का पालन कर की गई का कार्यवाही का प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध किया जाए।

### 9 दिसंबर को उप जेल मेहश्वर में अनुपयोगी सामग्री की नीलामी

**खरगोन, निप्र।** उप जेल महेश्वर के सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि उप जेल मेहश्वर में अनुपयोगी सामग्री की नीलामी की जानी है। इच्छुक व्यापारी नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए 09 दिसंबर प्रात: 11 बजे जेल प्रांगण उप जेल महेश्वर में उपस्थित हो सकते हैं।

### सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती शिविर में 10 युवाओं का चयन

**खरगोन, निप्र।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला खरगोन मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदो पर भर्ती के लिए 22 नवंबर को जनपद पंचायत भीकनगांव में शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में 37 लड़कों ने भाग लिया। इनमें से भर्ती आधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने मापदंड के आधार पर 10 लडकों का चयन किया है।

### भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत हुई भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस खरगोन में 22 नवंबर को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं संस्कृति से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित भाषण एवं निबंध की महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्राचीन भारतीय मूल्यों का आधुनिक जीवन में महत्व विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में हाशिम शेख बीए चतुर्थ वर्ष को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। राधिका पटेल बीए द्वितीय वर्ष तथा शीतल तंवर बीए प्रथम वर्ष संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। रोशनी मुजाल्दे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रोशनी मुजाल्दे को प्रथम स्थान, समरीन खान को द्वितीय स्थान तथा किरण सोलंकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ गणेश पाटिल ने बताया कि महाविद्यालय स्तर पर विजेता प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाषण प्रतियोगिता का संचालन प्रो अरुण कुमार ने किया तथा आभार भाषण प्रतियोगिता संयोजक डॉ. राजू देसाई द्वारा किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ. जियालाल अकोले, प्रो गोविंद मेहरा प्रो राजेश सिसोदिया, डॉ. रेखा शर्मा, प्रो. दुर्गा पाटीदार, प्रो. साभ्या प्रजापति द्वारा किया गया।

### 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का पक्षकारों के बीच आपसी सहमति से निराकरण करने के लिए आगामी 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करने के इच्छुक पक्षकरों से अपील की गई है कि वे अपनी सहमति संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करें। न तुम हारे न हम जीते की भावना के साथ पक्षकार लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। लोक अदालत में आपसी सुलह एवं सहमति से प्रकरण का निराकरण हो जाने से पक्षकारों को शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक रूप से शांति मिलती है और न्यायालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है। 14 दिसंबर को आयोजित नेशलन लोक अदालत में बिजली विभाग, नगरीय निकाय, बैंक, बीमा, श्रम, दूरसंचार, दुर्घटना बीमा, पारिवारिक विवाद सहित अन्य प्रकरणों का आपसी सुलह से निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में प्रकरणों का अंतिम रूप से निराकरण किया जाता है। इसके निराकरण की अन्य किसी न्यायालय में अपील अथवा सुनवाई नहीं होती है। आपसी सुलह एवं सहमति से प्रकरणों के निराकरण के इच्छुक पक्षकार आवेदन देकर लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं।

# किसानों के लिए जिले में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध

## डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करने की अपील

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। रबी सीजन 2024-25 में जिले के किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में उर्वरक का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण उपलब्ध है। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा द्वारा जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक का उपयोग करें।**



उप संचालक एमएस सोलंकी ने बताया कि जिले में रबी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में उर्वरक की कमी नहीं है और इसका पर्याप्त भण्डारण उपलब्ध है। किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में यूरिया का 26462 मेट्रिक टन, डीएपी का 3445 मेट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश का 3787 मेट्रिक टन, एनपीके का 12635 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट का 32033 मेट्रिक टन उपलब्ध है। जबकि किसानों को यूरिया 15913 मेट्रिक टन, डीएपी 3001 मेट्रिक टन, म्यूरेट ऑफ पोटाश 1081 मेट्रिक टन, एनपीके 7630 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 11690 मेट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। खरगोन जिले को 22 नवंबर को खण्डवा रेक पाईंट से 500 मेट्रिक टन यूरिया, 300 मेट्रिक टन नाइट्रो फास्फेट एवं 23 नवंबर को खण्डवा रेक पाईंट से 500 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो रहा है। जिले में किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निजी उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी रख रहे हैं। उप संचालक कृषि एम एस सोलंकी द्वारा अपनी टीम के साथ जिले के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उनके स्टॉक एवं अभिलेखों का भी निरीक्षण किया जा रहा है।

## डीएपी से बेहतर एनपीके उर्वरक

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** जिले के किसान भाईयों द्वारा रबी फसलों की बोनी की जा रही है किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार रासायनिक खाद उपलब्धब कराने हेतु जिले के सहकारी क्षेत्र एवं निजी विक्रेताओं के यहा उर्वरकों का भण्डासरण करवाया जा रहा है।

वर्तमान में विपणन संघ के डबल लॉक केन्द्रों एवं सहकारी समितियों में यूरिया 9169 मेट्रिक टन, डीएपी 1313 मेट्रिक टन, एनपीके 2816 मेट्रिक टन, पोटाश 1404 मेट्रिक टन, सुपर फॉस्फेरट 4092 मेट्रिक टन, अमोनियम सल्फेनट 55 मेट्रिक टन व निजी डीलरों की दुकानों पर यूरिया 4091 मेट्रिक टन, डीएपी 283 मेट्रिक टन, एनपीके 2100 मेट्रिक टन, पोटाश 460 मेट्रिक टन, सुपर फॉस्फेट 7093 मेट्रिक टन, अमोनियम सल्फेट 207 मेट्रिक टन, कुल 33083 मेट्रिक टन की व्यंवस्था की गई है। जिले में नियमित उर्वरक प्राप्त हो रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की कृषकों को सलाह है कि डीएपी से बेहतर एनपीके उर्वरक होता है। डीएपी की जगह पर एनपीके उर्वरक 12:32:16, 20:20:0:13, 20:20:0, 16:16:16, नैनो डीएपी उपलब्ध है। डीएपी में पोटाश तत्व की मात्रा नही होती है अर्थात नत्रजन व फॉस्फेट होता है, जबकि एनपीके से फसलों में तीन पोषक तत्व नत्रजन, फॉस्फोरस व पोटाश जो संतुलित मात्रा में पौधो को उपलब्ध हो जाते हैं। इसके उपयोग से तीन मुख्य पोषक तत्व की पूर्ति हेतू अन्य उर्वरकों की मात्रा देने की आवश्यकता नहीं होती है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय या संबंधित क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### समाधान आनलाइन कार्यक्रम अब 16 दिसंबर को आयोजित होगा

**खरगोन, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा समाधान आनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाता है। समाधान आनलाइन कार्यक्रम अब 16 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा।



## बरूड़ पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ आरोपी को पकड़ा

**खरगोन, निप्र।** बरूड़ पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ आरोपी को उमरखली में बस स्टैण्ड से अवैध देशी पिस्टल कट्टे के साथ पकड़ा, जिसने अपना नाम बलजीत सिंह उर्फ बच्चु सिंह निवासी सतीपुरा थाना भगवानपुरा का होना बताया। बलजीत के पास पिस्टल रखने के संबंध में कोई लाइसेंस या दस्तावेज़ नहीं था। बरूड़ पुलिस ने आरोपी बलजीत के पास से लगभग 10000 /- हजार रुपए मुल्य के अवैध फायर आर्म्स , को अपनी सुपूर्दगी में लेकर आरोपी के विरुद्ध बरुड थाने में अपराध क्रमांक 261/24 धारा 25(1) आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोहित लखारे बरुड थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणसिह लौवशी, उपनिरीक्षक नरेश प्यासे, सहायक उपनिरीक्षक राजासिह, सहायक उपनिरीक्षक खडकसिह , प्रआर 713 लालसिंह गांवड, प्रआर 547 कैलाश, प्रआर् 604 सुखलाल, प्रआर 547 कैलाश, प्रआर् 27 शोएब ,आर् 894 भुपेन्द्र, आर 757 सुर्यप्रकाश, आर् 273 जितेश, आर् 231 रविशकर आर् 637 सखाराम , आर. 59 जयप्रकाश, सैनिक 69 कैलाश, सैनिक 23 सतोष भी शामिल रहे।

## दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

विनय उजाला



**मंडलेश्वर, निप्र।** स्थानीय श्रीकंवरतारा विद्यालय में इस वर्ष के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे प्रथम दिवस की थीम रेअल्म्स ऑफ नर्चरन्स, शिक्षा के आयाम रही जहाँ कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति के रंग बिखेरे। शारीरिक स्वास्थ्य, विषयगत शिक्षा और मूल्यों पर आधारित शानदार गीत-संगीत, हिंदी स्किट, मेलोड्रामा, राजस्थानी और कठपुतली लोक नृत्य जैसी प्रस्तुतियो ने समस्त पालक और जनता जनार्दन का मनमोह लिया। इस अवसर पर पारंपरिक, कँवरतारा नृत्य ने खूब सराहना पाई। उक्त आयोजन मे मुख्य अतिथि इंदौर की प्रसिद्ध शिक्षाविद और साहित्यकार श्रीमती सीमा व्यास, विद्यालय के ही एल्युमनी रितिका ठाकुर और उर्विशा जैन थीं। अथितियो ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सफलता के सोपान पर पँहुचने हेतु आवश्यक टिप्स दिए। श्रीकंवरतारा विद्यालय शिक्षा के सभी क्षेत्रों में लगातार प्रगति कर रहा है। इस हेतु उन्होंने निमाड़ क्षेत्र के पालकों को अपने पाल्य के लिए विद्यालय के चयन हेतु धन्यवाद दिया। अगले दिन की थीम भगवद्गीता, दी फिलोसोफी, पर्पज एंड आर्ट ऑफ लिविंग रही। कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं जिसमें भगवद्गीता को वास्तविक जीवन मूल्यपरक परिस्थितियों से जोड़ते हुए श्लोक, नृत्य और नाटिकाओं द्वारा अद्भुत प्रदर्शन किया और समस्त दर्शक दीर्घा को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ भरत रावत, प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट रहे। उन्होंने अपनी शानदार शैली में बताया कि स्वास्थ्य रक्षा हेतु स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हुए अपने कार्य स्थल, परिवार और समाज के साथ एक खुशहाल जीवन जीना एक सुखद सूत्र है। इस दिवस पर विद्यालय की एलुमनी डॉ. आयुषी वर्मा भी गेस्ट ऑफ ऑनर रही। विद्यालय के प्राचार्य योगेश जोशी ने दोनों दिवसों पर वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ते हुए वर्तमान वर्ष की उपलब्धियों के बारे में अर्थात प्रतियोगी परीक्षाएं, टेक्नोलॉजी, इंटर कल्चर प्रोग्राम, एडुकेशनल इनिशिएटिव आदि के क्षेत्र में प्राप्त सफलता की चर्चा की। विद्यालय की चेयर पर्सन श्रीमती ज्योति छाजेड़ और चेयरमैन प्रमोद छाजेड़ ने इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों, शिक्षकगण, विद्यार्थियों, पालकगण व समस्त शुभचिंतकों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के अंत में सीनियर को-ऑर्डिनेटर अभिजीत दोशी और हेड मिस्ट्रेस ज्योति व्यास ने कार्यक्रम की शानदार सफलता पर सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेस करके बढ़ाएं योग्यता



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के मार्गदर्शन में कार्यरत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आज विद्यार्थियों को भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल और इग्नू द्वारा संचालित किये जा रहे। सर्टिफिक्रेट और डिप्लोम कोर्सेस की जानकारी दी गई। भोज मुक्त विश्वविद्यालय से रामचरित मानस और इवेंट मैनेजमेंट में स्वयं डिप्लोमा कर चुके डॉ. मधुसूदन चौबे ने बताया कि विद्यार्थी अपनी स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई के साथ ही अपनी रूचि और करियर के लक्ष्य के अनुसार कोर्सेस का चयन करके अपनी योग्यता और रोजगारपरकता बढ़ा सकते हैं।

सायबर सिक्युरिटी, इंडियन फ्लिोसोफी, फूड एंड न्यूट्रीशन, कम्प्यूटर, श्रीमदभगवत गीता, वेद, इवेंट मैनेजमेंट, पर्यावरण, योग सहित अनेक क्षेत्रों में सर्टिफिक्रेट और डिप्लोमा कोर्सेस उपलब्ध हैं। कुछ कोर्सेस हायर सेकेंडरी के तथा कुछ स्नातक के बाद किये जा सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए करियर सेल में सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यकर्तागण ने बताया कि इस प्रशिक्षण को फलदायक बनाने के लिए प्रशिक्षुओं को मंच पर आकर कम्युनिकेशन स्किल का प्रेक्टिकल करने का अवसर दिया जा रहा है। उन्हें मंच और माइक के सही उपयोग के सम्बन्ध में समझाया जा रहा है। प्रशिक्षुओं को परस्पर मूल्यांकन करने का अवसर भी दिया जा रहा है सहयोग प्रीति गुलवानिया, वर्षा मुजाल्दे, नागर सिंह डावर, बादल धनगर, रीना चौहान, अनीता जाधव, संजू डोडवे और कन्हैया लाल फूलमाली ने किया।

### निराला सृजन पीठ भोपाल का व्याख्यान व रचनापाठ रविवार को

**बड़वानी, निप्र।** मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मप्र शासन संस्कृति विभाग की निराला सृजन पीठ की श्रृंखला वरदे के अंतर्गत सनातन संस्कृति और आज का युवा विषय पर व्याख्यान और रचनापाठ रविवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 1 बड़वानी के सभागार में अपराह्न 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। निराला सृजन पीठ निदेशक डॉ. साधना बलवटे की सारस्वत उपस्थिति में अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध मिश्र हितैषी, प्राचार्य आर.एस. जाधव विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। रचनापाठ में गीतकार कांताप्रसाद कमल खरगोन, ओज कवि राकेश यादव ठीकरी, गीतकार बलदेव चौहान राजपुर, ओज कवि पंकज प्रखर सिंघाना, व्यंग्यकार राजीव वर्मा और मनीषा रावत बड़वानी काव्यपाठ करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राम परिंदा मनावर करेंगे।




## विद्यार्थियों को किया गया नि :शुल्क सायकिल का वितरण

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़वानी मे निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, विक्रम चौहान एवं श्रीमती निशा उपाध्याय पार्षद एवं राजेश गंगले सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम में शासन द्वारा प्रदत्त साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोहिनी शुक्ला ने किया। आभार प्राचार्य श्रीमती रचना पुरोहित ने किया। इस अवसर पर पालक गण समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### केन्द्र पर प्रतिदिन कपास की खरीदी की जा रही है

**बड़वानी, निप्र।** कृषि उपज मंडी समिति बडवानी में सी.सी.आई केन्द्र द्वारा 25 नवंबर को प्रात: 11 बजे से प्रतिदिन सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन खरीदी की जावेगी। सप्ताह के प्रति शनिवार एवं रविवार अवकाश रहेगा। बडवानी मंडी क्षेत्रान्तर्गत आने वाले समस्त किसान भाईयों से अपील की जाती है कि किसान भाई अपनी उपज को अधिक से अधिक मात्रा में केवल मंडी प्रांगण में ही लावे जिसे किसान भाईयों को उनकी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो सकें।

## महासभा अध्यक्ष नगर के ब्राम्हणों को न्योता देने पहुंचे

# इंदौर समागम में शामिल होंगे मंडलेश्वर के ब्राह्मण

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र। आगामी 11-12 जनवरी को इंदौर के दशहरा मैदान में आयोजित होने वाले नार्मदीय ब्राह्मण समागम की जानकारी एवं आमंत्रण देने के उद्देश्य अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल शर्मा गुरुवार को नगर पहुंचे।**

महासभा अध्यक्ष ने नार्मदीय ब्राह्मण समाज के स्थानीय इकाई पदाधिकारियों से मुलाकात कर नार्मदीय ब्राह्मण समागम की जानकारी कार्यकारिणी सदस्यों को देते इकाई के स्वजनो को आयोजन में सहभागिता करने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 11 एवं 12 जनवरी को इंदौर के दशहरा मैदान पर आयोजित होने वाले इस समागम में देश और विदेश से हजारों की संख्या में समाजजन जुटेंगे। समागम की तैयारी को लेकर रविवार को इंदौर में बैठक का आयोजन हो चुका है। बैठक में इस 2 दिवसीय आयोजन को लेकर जानकारी दी गई है। आयोजन के दौरान 11 जनवरी को माँ नर्मदा चौराहे का लोकार्पण होगा। साथ ही नार्मदीय ब्राह्मण समाज के



विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले वैज्ञानिक, शिक्षाविद, चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता, साहित्यकार, मनोरंजन के क्षेत्र में काम करने वाले कलाकार, संगीतकार, गायक, पत्रकार, भारत एवं अन्य देशों में अपनी सेवाएं देने वाले पेशेवर स्वजनो को आमंत्रित किया जा रहा है। इंदौर में संपन्न बैठक में अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। नगर में आयोजित इस बैठक में महासभा अध्यक्ष अनिल शर्मा ने आगे बताया कि सभी स्वजनो को इस समागम में सहभागिता करना चाहिए। इस समागम में सहभागिता करने को इच्छुक है उन्हें पंजीकरण करना आवश्यक है। पंजीकरण गूगल फॉर्म के माध्यम से होगा। महासभा अध्यक्ष ने बैठक मे उपस्थित पदाधिकारियों के फॉर्म भी भरवाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के कोषाध्यक्ष मनीष डोंगरे, सचिव चैतन्य पटवारी, स्थानीय इकाई अध्यक्ष सिद्धनाथ उपाध्याय, सचिव हितेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष शरद वैद्य, अश्विन शुक्ला, डॉ विनय डोंगरे, पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण डोंगरे, सतीश चतुर्वेदी, राधेश्याम बार्चे, अविनाश बार्चे सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता हेतु शासकीय महाविद्यालय हरसूद की 6 छात्राएं चयनित



**हरसूद, निप्र।** बडवानी में संभाग स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले की टीम में शासकीय महाविद्यालय हरसूद की 6 छात्राओं का चयन हुआ है। संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करने के लिए शुक्रवार सुबह क्रीडा अधिकारी संतोष भालसे द्वारा शासकीय महाविद्यालय हरसूद की छात्रा गिरजा गौतम, करीना गौतम, सुशीला पाटिल, लाडकी निमोरे, लक्ष्मी जायसवाल एवं पुजा काजले को बडवानी के लिए रवाना किया गया। जिला स्तरीय पुरूष खो-खो प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले में हरसूद महाविद्यालय ने पीसीजी महाविद्यालय खंडवा को दी मात गत दिनों शासकीय महाविद्यालय हरसूद में जिला स्तरीय पुरूष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खंडवा जिले के 4 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। खो-खो प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय हरसूद, पीसीजी महाविद्यालय खंडवा, शासकीय महाविद्यालय पंधाना एवं शासकीय महाविद्यालय खालवा की टीमों ने भाग लिया। फायनल मुकाबला शासकीय महाविद्यालय हरसूद एवं पीसीजी कालेज खंडवा के खेला गया। फायनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही। आखरी पलों में शासकीय महाविद्यालय हरसूद ने पीसीजी कॉलेज खंडवा को 10-09 से मात दी। क्रीडा अधिकारी डॉ संतोष भालसे के नेतृत्व में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

### पार्षद पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग लेकर शुक्रवार शाम को हरसूद थाने पहुंचे सफाई कर्मचारी



**हरसूद, निप्र।** शुक्रवार शाम 6 बजे के लगभग एक पार्षद पति के खिलाफकार्रवाई करने की मांग लेकर नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद के सफाई कर्मचारी हरसूद थाने पहुंचे। इस मौके पर हरसूद थाने में सीएमओ मोनिका पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष मुकेश वर्मा सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। हरसूद थाने पहुंचे नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने पुलिस को आवेदन देकर बताया कि हम सफाई कर्मचारीगण एवं वाहन चालक 21 अक्टूबर से हडताल पर बैठे हैं। इसी दौरान वाहन चालक मोहन के द्वारा गाडी निकाली गई तो समस्त सफाई कर्मचारीगणों एवं वाहन चालकों के द्वारा गाडी को रोका गया। उसी समय वार्ड क्रमांक 1 पार्षद पति मुकेश बौरासी द्वारा कर्मचारी के साथ गाली-गलौज की गई एवं अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया। सफाई कर्मचारियों ने पार्षद पति के खिलाफकार्रवाई करने की मांग हरसूद पुलिस से की।

### जनजातीय कार्यमंत्री शाह शासकीय महाविद्यालय हरसूद में शपथ विधि समारोह में शामिल होंगे



**हरसूद, निप्र।** आज शासकीय महाविद्यालय हरसूद में शपथ विधि समोराह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनजातीय कार्यमंत्री डॉ कुंवर विजय शाह उपस्थित रहेंगे। डॉ कुंवर विजय शाह की उपस्थिति में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अश्विनी शर्मा शपथ लेंगे। शपथ विधि समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने में शुक्रवार शाम को शासकीय महाविद्यालय हरसूद का स्टाफजुटा रहा।

पति और सास नहीं करते थे मदद, तो मां ने पानी की टंकी में डुबाकर की जुड़वा बच्चों की हत्या

# साक्ष्य छुपाने और गुमराह करने के लिए पति भी गिरफ्तार

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** पति और सास बच्चों की देखरेख में मदद नहीं करते थे, इसलिए मां ने अपने ही 4 महीने के जुड़वा बच्चों की जान ले ली। यह बात एसपी अमित कुमार ने पत्रकार वार्ता में हाटी की चौकी की मदीना कॉलोनी क्षेत्र में हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुए कही। मामले में मां के अलावा साक्ष्य छुपाने के चलते पिता को भी आरोपी बनाया गया है। हालांकि इस मामले में और भी तथ्य सामने आने की आशंका है जिसके लिए जांच अभी जारी रहेगी।

शुक्रवार को एसपी अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आए कि मृतक बच्चों की मां मुस्कान पति आमिर अपने बच्चों को संभालने की बात पर सास और पति से सहयोग नहीं मिलने से नाराज थी। घटना के दिन भी मोहल्ले में गमी होने से सास और पति जब जाने लगे तो बच्चों की मां मुस्कान ने कहा कि मैं अकेले इन बच्चों को नहीं संभाल पाऊंगी। इसके बाद भी यह दोनों चले गए। बच्चों को संभालने से नाराज होकर मुस्कान ने दोनों बच्चों की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार पूछताछ में जो जानकारी मिली उसमें पता चला कि एक बच्चा जमीन पर लेटा हुआ था और दूसरा झूले में था। मां ने पहले एक बच्चे को पानी से भरी हुई सिंटेक्स की टंकी में डाला और बाद में दूसरे बच्चे को भी टंकी में डाल दिया। घटना के बाद मुस्कान ने पति आमिर को फोन लगाकर दोनों बच्चों के घर में नहीं होने की जानकारी दी। पति अमीर कुरैशी अपने एक दोस्त के साथ घर आया और बच्चों को ढूंढा। बाद में पति ने पानी की टंकी से बच्चों को निकाला, लेकिन तब तक वह मर चुके थे। आमिर दोनों बच्चों को लेकर शैरानीपुर स्थित सुसराल गया और वहीं कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने इस मामले में बच्चों की मां मुस्कान पति अमीर कुरैशी 25 वर्ष के खिलाफ हत्या और पिता आमीर कुरैशी 30 वर्ष के खिलाफ साक्ष्य छुपाने का प्रकरण दर्ज किया है। मामले को सुलझाने में एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल, निरीक्षक सुरेंद्र सिंह गडरिया, महिला थाना प्रभारी पार्वती गौड, उप निरीक्षक दीपक डामोर, प्रवीण वास्कले, एएसआई शिवनाथ सिंह राठौर, प्रधान आरक्षक मीना राठौर, अमित त्यागी, अमीर चंद, कैलाश परमार, हेमलता पुरोहित, मेघा राणा, वर्षा केथवास आदि।



### पहले भी हो चुकी है बच्चे की मौत, होगी जांच

एसपी कुमार ने बताया कि जांच के दौरान यह जानकारी भी मिली है कि इस दंपत्ति के अब तक 4 बच्चे हुए हैं। पहली बेटी भी जब छोटी थी तो चूल्हे पर गिर गई थी लेकिन वह जिंदा है। इसके बाद पैदा हुई दूसरी संतान की मौत भी संदिग्ध परीस्थितियों में जन्म के डेढ महीने में हो गई थी। इसकी भी जांच पुलिस अब कर रही है।

### पुलिस ने गंभीरता से लिया

इसके पहले थाना माणकचौक के अन्तर्गत 4 माह के दो जुड़वा बच्चों की मौत दो दिन पहले 20 नवंबर को हुई थी। इरशाद कुरैशी द्वारा थाने पर सूचना दी गई कि उसके मकान के उपरी मंजिल पर किराये पर रहने वाले आमिर कुरेशी व उसकी पत्नी पम्मी उर्फ मुस्कान द्वारा अपने जुड़वा बच्चे हसन व फातिमा उम्र 4 माह को पानी की सिनटेक्स टंकी से निकाला गया है। दोनों बच्चों की डूबने से मृत्यु होने पर आमिर उन्हें निकालकर शैरानीपुरा कब्रस्तान ले गया और दफना भी दिया। मामला संदिग्ध लगने पर सूचना पर थाना माणकचौक में मर्ग कामय कर जांच शुरु की गई थी।

### एसपी ने किया री-क्रियेशन, पति करता रहा गुमराह

पुलिस ने जब पूछताछ शुरु की थी तो पति लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। उसने बताया था कि पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बुधवार को पत्नी बच्चों को खिला रही थी जब पहला बच्चे गोद से फिसलकर गिर गए और पत्नी भी बेहोश हो गई। होश में आने पर उसने सूचना दी जिसके बाद वह पंहुचा और बच्चों को ढूढ़कर निकाला। मृत्यु हो जाने पर दफना दिया। मामला में शंका होने पर एसपी ने एएसपी राकेश खाखा एवं सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में माणक चौक थाना प्रभारी सुरेंद्र गडरिया और एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल के नेतृत्व टीम गठित की थी। टीम के अलावा एसपी ने गुरुवार शाम को स्वयं घटना स्थल जाकर निरीक्षण किया था। एसपी ने मौका-ए-वारदात पर रखी पानी की टंकी का मुहाना देखकर घटनाक्रम का रिक्रिएशन भी कराया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने बच्चों के शव को निकालकर पीएम के लिए भी भेजा था, जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस को मिल चुकी है।

# जिले में खाद की कालाबाजारी, इस सीजन में पहली एफआईआर दर्ज

## धूलकोट के खाद, बीज दुकान संचालक के खिलाफ निंबोला थाने में एफआईआर दर्ज

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले के किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल रहा है जहां मिल रहा है वह मंहगे दामों पर और नकली भी बेच रहे हैं। ऐसा ही एक उदाहरण धूलकोट का सामने आया है। इससे इस बात का खुलासा हुआ है कि जिले में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इधर किसान डीएपी के लिए सोसाईटियों के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। ऐसे में उन्हें मंहगे दामों पर खाद बीज की दुकानों से खाद खरीदना पड़ रहा है। इसके ऐवज में उन्हें दूसरी दवाईयां भी खरीदने पर मजबूर किया जाता है। किसानों की मांग को कृषि भी नजरअंदाज कर रहा है।

पिछले दिनों कहा गया कि बुरहानपुर में एक रैक आई है, लेकिन हकीकत यह है कि नेपानगर सहित आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक किसानों को खाद मिली ही नहीं है। जिससे किसान काफी परेशान हो रहे हैं। वहीं कालाबाजारी के इस मामले में धूलकोट स्थित मेसर्स शैफाली एग्रो खाद बीज दुकान संचालक सौरभ गंगराड़े के खिलाफ निंबोला थाना पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3-7 के तहत एफआईआर दर्ज की है। गौरतलब है कि एक दिन पहले कुछ किसान डीएपी खाद की बोरी लेकर तहसील कार्यालय धूलकोट पहुंचे थे। किसानों ने धूलकोट तहसीलदार उदयसिंह मंडलोई को शिकायत की थी कि डीएपी खाद में बालू रेत की मिलावट है। 50 किलो की बोरी में आधी मात्रा बालू रेत की मिली। किसान कैलाश पिता भायलाल ने शिकायत की थी कि शैफाली एग्रो से तीन बोरी डीएपी खाद खरीदी थी। खाद के दाने कुछ अलग ही नजर आ रहे थे। जब एक किलो दाने पानी में धोए गए तो आधे दाने पानी में घुल गए और आधे बालू रेत के निकले। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और सैंपल लेकर खाद गोदाम को सील किया गया।




### वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज

इसे लेकर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्रीराम पाटिल ने निंबोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने कहा-दुकान संचालक सौरभ गंगराड़े निवासी धूलकोट के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3-7 के तहत केस दर्ज किया जाए। उन्होंने 21 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे ग्राम धूलकोट स्थित मेसर्स शैफाली एग्रो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेरे साथ तहसीलदार धूलकोट उदयसिंह मंडलोई, कृषि विस्तार अधिकारी बीएस वास्कले, पटवारी मनोज डाबर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान उपस्थित विक्रेता के सामने खाद मात्रा 50 किग्रा, पोटाश 7650 किग्रा, एक अन्य कंपनी की खाद 850 किग्रा पाई गई।

### शाहपुर में बिजली के प्री-पेड मीटर लगाने और बाजार हस्तांतरित करने को लेकर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश



**बुरहानपुर, निप्र। शाहपुर में लोग प्री-पेड मीटर लगाए जाने का ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। साथ ही बड़ा बाजार में हर सप्ताह लगने वाली दुकानों को नए बस स्टैंड पर स्थानांतरित किए जाने से भी आक्रोश है।**

इसे लेकर शुक्रवार दोपहर काफी संख्या में ग्रामीण शाहपुर के कांग्रेस नेताओं के साथ बुरहानपुर पहुंचे और कलेक्टर भव्या मित्तल के नाम डिप्टी कलेक्टर अजमेर सिंह गौड़ को ज्ञापन सौंपा।

शाहपुर के वार्ड नंबर 7 से पार्षद कैलाश असेरकर सहित ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शाहपुर में बिजली कंपनी द्वारा करीब 6 माह पहले डिजिटल मीटर लगाए गए थे उससे जनता को कोई परेशानी है, लेकिन अब प्री-पेड मीटर लगाने से आमजन को परेशानी उठाना पड़ेगी।

बिजली कंपनी किसी तरह की सुनवाई नहीं कर रही है। आमजन की मांग है कि प्री-पेड मीटर न लगाए जाएं। जो मीटर लगे वही रहने दिए जाएं। वहीं शाहपुर में दो माह से सासाहिक बाजार पूर्व से निर्धारित स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाने से महिलाएं, पुरूष व्यापारियों को परेशानी हो रही है। दुकानदारों का व्यापार नहीं हो पा रहा है। इसलिए बाजार पहले की तरह उसी स्थान पर लगाया जाए।

### नेपा लिमिटेड में जनजातीय गौरव दिवस पर संवादात्मक कार्यशाला हुई

विनय उजाला

**नेपानगर, निप्र।** भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम नेपा लिमिटेड में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 से 26 नवंबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसके तहत गुरूवार को नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी की अध्यक्षता में जिले के वरिष्ठ साहित्यकार, लेखक, कवि और चिंतक श्याम सिंह ठाकुर द्वारा भारत के स्वाधीनता संग्राम और सामाजिक उत्थान में जनजातीय नायकों का योगदान विषय पर एक संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। सीएमडी राकेश कुमार चोखानी द्वारा मुख्य वक्ता साहित्यकार श्याम सिंह ठाकुर का पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह के साथ अभिनंदन किया गया।



अपने उद्बोधन में सीएमडी चोखानी ने श्याम सिंह ठाकुर जैसे मूर्धन्य साहित्यकार के सानिध्य को गौरव का विषय बताते हुए कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के गौरवपूर्ण आयोजन में जनजातीय राष्ट्रनायकों की उल्लेखनीय भूमिका के विषय में आपका एक एक शब्द हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन करेगा।

जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के निर्देशन में जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से बुरहानपुर जिले के ख्यात साहित्यकार श्याम सिंह ठाकुर की कार्यशाला में देश के मूलनिवासी नायकों का वास्तविक संघर्ष जानना और समझना हम सबके लिए जीवन का एक अमूल्य क्षण हैं।

### ग्राम पंचायत मांडवा : 16 लाख के घोटाले में फरार उप सरपंच गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** नेपानगर थाना पुलिसने शुक्रवार को ग्राम पंचायत मांडवा मेंसंबल योजना के तहत हुए 16 लाख रुपए के घोटालेके फरार आरोपीतत्कालीन उप सरपंच संजय उर्फ भाया जाधवको गिरफ्तार कर लिया। वहीं, सरपंच तुलसीराम और सचिव सुनील पटेल अभी भी फरार हैं। पुलिस ने दावा किया है कि उनकी तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

2023 मेंसंबल योजनाके तहत 8 अपात्र हितग्राहियोंको पात्र दिखाकर अनुग्रह सहायता राशि दिलाई गई। योजना के नाम पर मृत व्यक्तियों कीसमग्र आईडीमें छेड़छाड़ करई-संबल कार्ड जारी किए गए। 16 लाख रुपए की राशि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निकाली गई।



नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवालके अनुसार, आरोपियों परनेपा थानेमें मामला दर्ज था। एफआईआर के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए थे। संजय जाधव कोमांडवासे गिरफ्तार कर लिया गया है।

शिकायत मिलने पर कलेक्टरभव्या मित्तलने मामले की जांच के आदेश दिए। जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुखनेतीन सदस्यीय जांच दलगठित किया। जांच में पाया गया कि मृत व्यक्तियों की समग्र आईडी से छेड़छाड़ करअनुग्रह राशिजारी की गई। सरपंच, उप सरपंच, और सचिव ने अपने पद का दुरुपयोग कर घोटाला किया।

जिला पंचायत सीईओने सरपंच और उप सरपंच कोमध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 40 के तहतछह साल के लिए पद से हटा दिया।

## तुकईथड़ उपमंडी : व्यापारियों द्वारा मंडी प्रांगण में हजारों क्विंटल मक्का का स्टॉक, सवालों के घेरे में प्रक्रिया

विनय उजाला

**खकनार, निप्र।** जिले की तुकईथड़ उपमंडी में लगभग 20 हजार क्विंटल मक्काका स्टॉक व्यापारियों द्वारा रखा गया है, लेकिन यह स्टॉक कैसे आया और किसकी अनुमति से यहां जमा किया गया, इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।



### क्या है मामला?

मंडी परिसर में मौजूद मक्का किसानों द्वारा नहीं बेचा गया है, क्योंकि मंडी में किसान या व्यापारियों के बीच कोई सक्रिय लेनदेन होते नहीं देखा गया। मंडी निरीक्षक से जब यह पूछा गया कि मक्का कहां से आया और इसे किसने बेचा, तो वे कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। किसानों के नामों और सूची की मांग करने पर उन्होंने मंडी सचिव से बात करने की बात कही।

### कई व्यापारी बिना लाइसेंस के खरीद रहे अनाज

सूत्रों के अनुसार, यह मक्का उन व्यापारियों का है जिन्होंने बाहर से मक्का खरीदकर यहां रखा है, क्योंकि उनके पास स्टॉक रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। व्यापारियों द्वारा मक्का महीनों तक मंडी में जमा रखा जाता है।क्षेत्र में मक्का, कपास और सोयाबीन की बड़े पैमाने पर खरीदी हो रही है।कई व्यापारी बिना लाइसेंस के अनाज और कपास खरीद रहे हैं और इसे महाराष्ट्र भेज रहे हैं। उपमंडी क्षेत्र में आसपास के गांवों डोइफोडिया, खकनार, तुकईथड़, देड़तलाई में मक्का, कपास और सोयाबीन की खरीदी अधिक मात्रा में हो रही है। किसानों की फसल खरीदने वाले अधिकतम व्यापारियों के पास अनाज या कपास खरीदी करने के लिए लाइसेंस नहीं है। फिर भी व्यापारी बेखौफ अवैध रूप से खरीदी कररहे है।

### ट्रांसपोर्ट में गड़बड़ी

सूत्र बताते हैं कि जिन ट्रकों से माल महाराष्ट्र भेजा जा रहा है, उनमें से कई ट्रकों का राजस्व जमा नहीं किया गया है। 10 में से केवल 4 ट्रकों का राजस्व भरा जाता है, जबकि बाकी ट्रक बिना अनुमति के रवाना हो रहे हैं।

### मंडी प्रांगण में रखने का अधिकार

मंडी सचिव हरेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा: उपमंडी तुकईथड़ में किसानों द्वारा मक्का बेचा जा रहा है, जिससे 75 हजार मक्का खरीदी का राजस्व प्राप्त हुआ है। व्यापारियों को बाहर से खरीदे मक्का को मंडी प्रांगण में रखने का अधिकार है।

### प्रश्न जो उठ रहे हैं

1. क्या मंडी का उपयोग व्यापारियों द्वारा स्टॉक रखने के लिए किया जा सकता है?
2. बिना लाइसेंस के व्यापारियों की गतिविधियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?
3. राजस्व चोरी को लेकर संबंधित विभागों ने क्या कदम उठाए हैं?

### मंडी बोर्ड करे सख्त कार्रवाई

यह मामला सिर्फ एक मंडी के प्रबंधन का नहीं, बल्कि अनाज व्यापार में अवैध गतिविधियों और राजस्व हानि का बड़ा मुद्दा है। स्थानीय प्रशासन और मंडी बोर्ड को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसानों और राजस्व दोनों के हित सुरक्षित रहें।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# चमकीली धातुओं में मांग

**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना आवक करीब 2000 बोरी। नीलामी 6500 - 6600 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6650 - 6800 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 1300 - 14000 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी ( प्रति क्विंटल)** - चना कांटा 6700 - 6750 विशाल चना 6600 - 6650 डंकी चना 5800 - 600 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की 3000 - 5000 तुअर निमाड़ी 8500 - 9700 रुपए क्विंटल।

तिलहन - सोयाबीन 4390 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5700 - 5900 एवरेज बारीक 5500 - 5600 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 12200 - 12400 तुअर दाल सवा नंबर 11900 - 11900 चना दाल 8300 - 8400 एक्स्ट्रा बोल्ड 9500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9600 - 9700 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।



**चावल भाव (प्रति क्विंटल)** - कोहिनूर बासमती वंड 14800 - 15300 तिबार 12400 - 12600 मिनी दुबार बासमती (921) 10300 - 10500 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6800 - 9500 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार** - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 640 - 800 काजू टुकड़ी 560 - 570 बादाम (देसी - आयातित) 680 - 790 किशमिश कंधारी 550 - 570 बेस्ट 610 - 690 रुपए किलो।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1510 - 1520 मुबंई 1525 - 1530 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 1370 - 1380 सोया डीगम (बिना टैक्स ) 1260 - 1265 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 मुंबई पाम ऑइल 1365 - 1370 गुजरात कपास्या तेल 1240 - 1245 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2370 - 2380 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 78100 रुपए।
चाँदी 92500 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1125 रुपये प्रति नग।
सोना 2637 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 3116 सेंट प्रति औंस।

## संक्षिप्त समाचार

### मतगणना कर्मियों को दिया प्रशिक्षण



**सीहोर, निप्र।** बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना 23 नवंबर को शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी। बुधनी विधानसभा उप निर्वाचन की मतगणना सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में मतगणना दलों के गणना सहायक, गणना प्रेक्षक एवं माइक्रो आब्जर्वरों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ?द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना दलों को ईवीएम मशीन से मतों की गणना का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें नंबर का मिलान, जांच करना, जांच के उपरांत उनके ऐड्रेस टैग सीलिंग चेक कर नंबर नोट करना, अभ्यर्थियों को दिखाना और अभ्यर्थियों के एजेंटों से हस्ताक्षर लेना आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गणना सहायक, गणना प्रेक्षक और माइक्रो आब्जर्वरों को उनकी जिम्मेदारियों और प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित सभी गणना सहायक, गणना प्रेक्षक और माइक्रो आब्जर्वरों को मतगणना के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री बीपी चौहान(आईएएस), रिटर्निंग अधिकारी श्री डीएस तोमर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री मदन सिंह रघुवंशी ने मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी दी।

### खंती में पिकअप गिरने से एक व्यक्ति घायल



**शाजापुर, निप्र।** पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर खंती में गिर जाने से एक व्यक्ति घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह राजगढ़ जिले के पाड़लिया माताजी निवासी लक्ष्मीनारायण पिकअप वाहन के समीप ही रोड की खंती में गिर जाने से घायल हो गया। घायल को उपचार हेतु सारंगपुर अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

### मोटर वाइंडिंग दुकान संचालक की दिनदहाड़े गोली मारकर की हत्या





**कन्नौद, निप्र।** नगर में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दिनदहाड़े अपने घर से समीप में स्थित मोटर वाइंडिंग दुकान के संचालक की अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक सतवास रोड पर स्थित रेस्ट हाउस के समीप निवासरत निसार पिता मुशर्रफ को अज्ञात व्यक्ति ने घर के सामने गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा निसार के घर के सामने एवं अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी तहजीब काजी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के बारे में जांच की जा रही है। फिलहाल घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस द्वारा मामले में गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

### दिगंबर जैन मंदिर में दो दिवसीय ध्वजदंड स्थापना कार्यक्रम शुरू



**शाजापुर, निप्र।** स्थानीय सोमवारिया बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में दो दिवसीय ध्वजदंड स्थापना कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मीडिया प्रभारी दीपक जैन ने बताया कि श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शुक्रवार से दो दिवसीय ध्वजारोहण/ध्वजदंड स्थापना कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ। प्रथम दिवस सुबह 7 बजे से श्री घटयात्रा एवं ध्वज यात्रा निकाली गई। प्रातः 8 बजे से मंदिर में ध्वजारोहण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप शुद्धि, जाप्य स्थापना, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन हुआ। 9 बजे से माताजी के प्रवचन हुए। 10 बजे माताजी द्वारा रचित पुस्तक 'अनुभव के मोती' का विमोचन किया गया। वहीं सायं 7 बजे से संगीतमय भक्ति के साथ श्रीजी की आरती हुई। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे से संगीतमय भक्ताम्बर का आयोजन हुआ। इन सभी कार्यक्रम के पुण्यअर्जाक प्रेमचंद जैन, बसंत कुमार जैन एवं समस्त परिवार रहा।

### शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**शाजापुर, निप्र।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में आने वाली पात्र छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अरुण भीमावद ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन छात्राओं के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है, जिसमें मुख्य निःशुल्क साइकिल वितरण है जो ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में आने वाली छात्रों को वितरित की जाती है। विधायक ने छात्राओं से डॉक्टर, इंजीनियर एवं शिक्षक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विवेक दुबे ने बताया कि विद्यालय में सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, क्योंकि गर्ल्स स्कूल में छात्राओं की सुरक्षा के लिए यह बहुत ही जरूरी था। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष जोशी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, मनोहर विश्वकर्मा, रामचंद्र भावसार, उमेश टेलर सहित छात्राएं मौजूद थीं। संचालन राजेंद्र नामदेव और संजय कुमार सोनी ने किया तथा आभार विद्यालय प्रभारी प्राचार्य मुकेश दुबे ने माना।

# सोयाबीन की ट्रॉली में सोया किसान, वजन ज्यादा हो इसलिए की हरकत, व्यापारी के कर्मचारी ने उतारा, मंडी ने भेजा पुलिस थाने

## पूरे प्रकरण में मंडी प्रशासन और पीड़ित व्यापारी एक-दूसरे पर कार्रवाई करने का कहते रहे, पुलिस ने किसान को छोड़ा

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र। स्थानीय कृषि उपज मंडी आए दिन जिले में चर्चा का विषय बनी रहती है। इस मंडी में कभी व्यापारी पर किसान की उपज कम तोलने का आरोप लगता है तो कभी किसान द्वारा अनाज की चोरी करने का मामला सामने आता रहता है और शुक्रवार को तो अजब ही मामला सामने आया जहां अनाज का वजन बढ़ाने के लिए किसान अनाज से भरी ट्राली में छुपकर सो गया।**

क्षेत्र के चांदगढ़ निवासी ईश्वरसिंह गुर्जर द्वारा उसकी सोयाबीन की फसल तोलने के लिए स्थानीय कृषि उपज मंडी लाया। जहां उसने मंडी में स्थित अर्चिता टेंडर्स को नीलामी के माध्यम से फसल बेच दी। फसल तोलने के बाद मंडी नियमानुसार उसकी फसल की ट्रेक्टर ट्रॉली को मंडी में स्थित तौलकांटे पर तुलाने के लिए ले गया। जहां तौलकांटे पर तुलाई काम में लगे कर्मचारी ने ट्रॉली पर बंधी पाल के अंदर किसान का साथी अंतरसिंह गुर्जर पल्ली में छिपकर सोया हुआ पाया। कर्मचारी ने उसे नीचे उतरवाया। इसी बीच अनाज व्यापारी भी पहुंच गए व आपत्ति दर्ज कराते हुए उसे मंडी कार्यालय ले जाकर नाराजगी व्यक्त की। व्यापारी एसडीएम प्रियंका मिमरोट बैंडवाल से भी मिलें। जहां एसडीएम ने मंडी सचिव रुमालसिंह को तौलकांटे को सूचना पत्र जारी करते हुए तौल



कार्य में शुद्धता बनी रहे इसे लेकर पत्र जारी करने के निर्देश दिए। जिस पर सचिव द्वारा शिवोम तौलकांटे को पत्र जारी करते हुए बड़े वाहनों के तौल कार्य करते समय सजगता रहने के लिए कहा गया है। पत्र में लिखा गया है कि, बड़े तौल कांटे पर ट्राली के अन्दर किसान द्वारा पल्ली ओढकर तौल कार्य कराने की कोशिश की गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद व्यापारी संघ के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा तौल कार्य में लापरवाही होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। तौल कांटे पर सजगता से तौल कार्य करने हेतु अपना कर्मचारी अनिवार्य रूप से नियुक्त करें ताकि बड़े वाहनो के तौल में शुद्धता बनी रहें। वहीं व्यापारी संघ ने भी एक आवेदन मंडी सचिव को सौंप कर उचित कार्रवाई के लिए दिया। उधर व्यापारी के साथ धोखाधड़ी करने वाले किसान को पुलिस बुलाकर थाने भेज दिया गया है। व्यापारी को एफआईआर कराने के लिए कहा गया है। लेकिन पुलिस में एफआईआर दर्ज करने से मंडी सचिव रुमान सिंह व्यापारी पर एफआईआर दर्ज करने की बात कहते नजर आए, वहीं व्यापारी भी एफआईआर करने से बचता रहा, जिसके चलते पुलिस ने पकड़े गए किसान को छोड़ दिया।

# खुले स्थान पर कचरा जलाने व गंदगी करने पर चालानी कार्यवाही

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** नगर निगम आयुक्त के द्वारा खुले स्थानों पर कचरा जलाने एवं गंदगी करने वाले रहवासियों पर चालानी कार्यवाही की जाने के निर्देश दिये गये। आयुक्त के निर्देशानुसार प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चालानी कार्यवाही की जा रही है। जिसके अन्तर्गत शुक्रवार 22 नवंबर को वार्ड 27 में कचरा जलाने एवं गंदगी करने पर रहवासी पर चालानी कार्यवाही की गयी। कार्यवाही में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत उबनारे, स्वच्छता निरीक्षक प्रवीण खरे वार्ड



प्रभारी दरोगा विकास बंजारे, एवं संस्था बेसिक से अंकित, शाहनवाज शेख, संदीप आदि उपस्थित थे।

# कॉलोनी अवैध है तब भी आसानी से मिल जाएगा बिजली कनेक्शन

## बिजली कंपनी लेकर आई सुगम विद्युत (सुविधा) योजना

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** घोषित एवं अघोषित अवैध कॉलोनियों को स्थाई विद्युत कनेक्शन प्रदान करवाने के लिए सुगम विद्युत (सुविधा) योजना लागू की गई है। कार्यपालन यंत्री(शहर) मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी देवास ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये केवल आवेदक या आवेदकों का समूह या रेजिडेंट बेलफेयर सोसाइटी या नगरीय निकाय ही पात्र होंगे।

कॉलोनी के संपूर्ण भार पर आधारित अधोसंरचना की प्राक्कलित राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत भुगतान आवेदन के साथ एकमुश्त देना होगा। शेष राशि का भुगतान किस्तों में कनेक्शन चालू होने के पश्चात मासिक देयकों के साथ योजना के प्रावधान अनुसार किया जा सकेगा। अस्थाई कनेक्शन से स्थाई कनेक्शन में परिवर्तित होने से गुणवतापूर्ण विद्युत प्रदाय होगा। साथ ही समान खपत होने पर विद्युत बिल की राशि में भी कमी होगी।

### शेड्यूल ऑफ रेट्स के अनुसार किया जाएगा...

कार्यपालन यंत्री ने बताया कि अधोसंरचना का निर्माण विद्युत वितरण कंपनी के नियम एवं प्रचलित शेड्यूल ऑफ रेट्स के अनुसार किया जाएगा, जिन आवेदकों/परिसरों के विरूद्ध कोई अन्य बकाया राशि/विद्युत चोरी के प्रकरण लंबित हैं वे प्रकरण निराकृत होने तक योजना अंतर्गत पात्र नहीं होंगे। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में योजनांतर्गत लाभ दिए जाने से पहले आवेदक द्वारा प्रकरण न्यायालय से वापस लिया जाना अनिवार्य होगा। योजनावधि में प्राप्त होने वाले आवेदन ही योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे। योजना अवधि समाप्ति के अंतिम दिन तक प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण हर स्थिति में योजना समाप्ति दिनांक से 30 दिन के अंदर कर दिया जायेगा। नवीन कनेक्शन के लिये आवेदन एवं नियमानुसार निर्धारित राशि का पृथक से भुगतान करना होगा। भुगतान अधिकतम 2 वर्ष की अवधि में किया जा सकेगा।

# विशेष सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत आज से चिन्हित किए जाएंगे असाक्षर, कार्यक्रम में बनाई रूपरेखा

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** विशेष सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत आज से असाक्षर चिन्हित किए जाएंगे, इसके क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को उमावि रंथभवर में जनशिक्षा केंद्र रंथभंवर, बेरछा, सुंदरसी, मकोड़ी केंद्र के संस्था प्रधानों का उन्मुखीकरण बीआरसीसी योगेश भावसार के समन्वयन में किया गया।



संकुल प्राचार्य एआर सोलंकी, राजेश पाटीदार, बीएसी देवेंद्र पाठक, जगदीश भावसार ने विभिन्न विभागीय योजनाओं पर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान शाजापुर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक योगेश भावसार ने बताया कि 23 नवंबर से 1 दिसंबर तक डोर-टू-डोर असाक्षर सर्वे की मॉनिटरिंग के लिए विकासखंड साक्षरता समन्वयक, विकासखंड अकादमिक समन्वयक, संकुल साक्षरता समन्वयक, जन शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सर्वे के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि कोई असाक्षर साथी सर्वे कार्य से नहीं छुटे। भावसार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार 15 से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को नवसाक्षर करने हेतु प्रदेश के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 2027 तक प्रदेश को पूर्ण साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। इस हेतु शनिवार से ग्राम, वार्ड स्तर के प्रत्येक घर के असाक्षरों का सर्वेक्षण विद्यालयों, महाविद्यालयों, एनसीसी, एनएसएस स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं एवं बीएड डीएड के प्रशिक्षणार्थी शिक्षक अक्षरसाथियों के माध्यम से प्रोजेक्ट कार्य के रूप में करवाया जाएगा। सर्वे कार्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में होगा, परन्तु कार्यक्रम के व्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन हेतु बनाए गए एनआईएलपी-एमपी मोबाइल एप्प के द्वारा प्रत्येक असाक्षर की जानकारी अनिवार्यतरू रजिस्टर्ड की जाएगी। नियत सर्वेक्षण समयावधि में जिले में उक्त आयोजन के कुशल क्रियान्वयन के लिए जिला परियोजना समन्वयक, विकासखंड स्तर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समन्वय स्थापित कर विकासखंड साक्षरता समन्वयक अपने क्षेत्राधिकार में सभी असाक्षरों का शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करवाकर एनआईएलपी एप्प पर उक्त सर्वे प्रविष्टि की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करेंगे। बैठक में विकासखंड साक्षरता समन्वयक लोकेश राठौर, संकुल समन्वयक श्याम परमार, जनशिक्षक बीएल छाबड़ी आदि उपस्थित थे।




# मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

विनय उजाला

**सीहोर, निप्र।** बुधनी उप चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को प्रात: 08 बजे से सीहोर स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में होगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री बीपी चौहान (आईएएस)तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह तथा बुधनी विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी श्री डीएस तोमर की उपस्थिति में मतगणना के लिए मतगणना कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट मत की मतगणना के लिए नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग असिस्टेंट का रेंडमाइजेशन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोग द्वारा अधिकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। रेंडमाइजेशन की सम्पूर्ण प्रक्रिया जिला सूचना अधिकारी श्री अनिल परमार द्वारा की गई। बुधनी विधानसभा उप चुनाव की मतगणना के लिए दो कक्षों में 14-14 टेबल लगाए हैं। एक टेबल पोस्टल बैलेट की गणना के लिए अलग से होगी। कुल 112 मतगणना कर्मी मतगणना का कार्य सम्पन्न करेंगे।

### नदी में डूबे व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद किया इंदौर रैफर



**शाजापुर, निप्र।** नदी में डूबे में व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारी निवासी मोकाम नामक व्यक्ति खेत पर काम करने गया था, तभी वह नदी में डूब गया। परिजन उपचार के लिए मोकामसिंह को शाजापुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद हालत बिगडने पर उसे इंदौर रैफर किया गया।

# देवास में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 422 हितग्राहियों को लगभग 20 करोड़ का मिला ऋण

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एवं स्व रोजगार स्थापित करने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। योजनाओं का लाभ लेकर युवा रोजगार से जुड रहे हैं और खुद का स्व रोजगार भी स्थापित कर रहे हैं। योजना का लाभ मिलने से युवा तो आत्म निर्भर हुए साथ ही अन्य व्यक्तियों को रोजगार भी प्रदान कर रहे है। महा प्रबंधक उद्योग देवास मंगल रेकवार ने बताया कि एक साल में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 422 हितग्राहियों को लगभग 20 करोड़ रूपये का ऋण वितरित किया गया एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना में 34 हितग्राहियों को 88.58 लाख रूपये का ऋण वितरित कर लाभान्वित किया गया। विगत एक वर्ष में 97 नवीन एमएसएमई इकाईयां स्थापित कर 9 करोड़ 54 लाख रुपए निवेश किये गये तथा 490 रोजगार उपलब्ध कराये गये।

## संप्रदायवाद से दूर रहकर की जानी चाहिए समाज की सेवा : महासती

# समाधि स्थल पर हुए जैन महासतियों के प्रवचन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र। हिम्मतमल माणकचंद नारेलिया के बगीचे में स्थित श्रमण संघीय जैन महासती रतनकुंवर महाराज साहब की समाधि पर श्रमण संघीय महासती डॉक्टर आदर्श ज्योति, महासती डॉक्टर आत्म ज्योति, महासती डॉक्टर रजत ज्योति के सानिध्य में जैन समाज द्वारा महामंत्र नवकार के जाप का आयोजन किया गया।**

इस मौके पर दक्षिण ज्योति महासती, डॉक्टर आदर्श ज्योति महाराज साहब ने अपने प्रवचन में कहा कि महासती रतनकुंवरजी ने 9 वर्ष की बाल्यावस्था में अपने जीवन में जैन भगवती दीक्षा को ग्रहण किया। उनका पूरा जीवन जैन धर्म के भगवान महावीर के संदेश को जनजन तक पहुंचा कर अहिंसा पारमोधर्म जिओ और जीने दो एवं करुणा दया और मैत्री के संदेश को भारत में पैदल भ्रमण करके प्रचारित करते हुए बीता। उनका शाजापुर से विशेष संबंध था। शाजापुर में महासती वल्लभकुंवर एवं महासती पानकुंवर जी ने जैन भगवती दीक्षा ग्रहण की। शाजापुर स्थित कसेरा बाजार जैन स्थानक में 50 वर्षों से



ताले नहीं लगे क्योंकि यहां पर आपकी 7 महासतियों ने वृद्धावस्था में निर्वाण गति को प्राप्त किया। शाजापुर संघ की सेवा भक्ति एवं समर्पण से आपके जीवन में संयम, साधना से प्रभावित होकर आचार्य सम्राट आनंद ऋषि महाराज साहब ने आचार्य पदवी के बाद पहला चातुर्मास शाजापुर को प्रदान किया। महासती ने कहा कि शाजापुर का एक गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास है। वहीं महासती डॉक्टर आदर्श ज्योति ने कहा कि नगर में हिम्मतमल जैन की सेवा भक्ति एवं डॉक्टर सागरमल जैन की विधाता से जैन समाज शाजापुर की पहचान है। उन्होने कहा कि समाज को संप्रदायवाद से दूर रहकर समाज और संतों की सेवा में समर्पित होकर काम करना चाहिए। महासती ने कहा कि जीवन में विनम्रता, सज्जनता, दया और करुणा ही जीवन की आधारशिला है, यह जीवन के आभूषण हैं। उन्होने कहा कि शाजापुर के पूर्वजों के स्मरण के साथ उनका जीवन जैन धर्म के लिए ही नहीं मानो कल्याण के लिए समर्पित रहा है। ऐसी आत्माओं ने महासती रतनकुंवर जी की जो सेवा कि वह एक आदर्श है। शाजापुर को निरंतर महासतियों के चातुर्मास प्राप्त हुए यह शाजापुर संघ का गौरव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता माणकचंद नारेलिया ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गौ तस्करी के मामले में पुलिस पशुपालन विभाग को भी शामिल करेगी

**भोपाल, निप्र।** मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम में संशोधन किया गया है। अब पुलिस गौ तस्करी के मामले में पशुपालन विभाग को भी शामिल करेगी। पशुपालन विभाग तस्करी के मामले में गोवंश और गौ मांस का रीति नीति से निपटारा करेगा। प्रदेश की डॉ मोहन यादव की सरकार गौ माता की सुरक्षा को लेकर लगातार बड़े फैसले ले रही हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम में संशोधन किया गया है। अब पुलिस गौ तस्करी के मामले में पशुपालन विभाग को भी शामिल करेगी। तस्कर को पकड़ने के बाद पशुपालन विभाग को भी सूचना देगी। इसके बाद मजिस्ट्रेट के सामने पेशी होगी। विभाग रीति नीति के तहत गोवंश और गौ मांस का निपटारा करेगा।

### उद्यानिकी मंत्री कुशवाह नागपुर में आयोजित एग्रोविजन राष्ट्रीय कृषि मेले में होंगे शामिल

**भोपाल, निप्र।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह 23 और 24 नवंबर को नागपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री कुशवाह 23 नवंबर 2024 को प्रात: 10:30 बजे से पीडीकेव्ही ग्राउण्ड डाभा, नागपुर में आयोजित होने वाले सेन्ट्रल इंडिया लारजेस्ट एग्री समिट एग्रो विजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। एग्री समिट में मध्यप्रदेश के उद्यानिकी एंव खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में किए कार्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालेंगे। मंत्री श्री कुशवाह 24 नवंबर को भी प्रात: 10:30 बजे से एग्रो विजन समिट में सम्मिलित होंगे तथा दोपहर 2 बजे नागपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में एफएडीए वर्कशॉप

**भोपाल, निप्र।** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क और फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस द्वारा कन्वर्सेशन टू एक्सीलरेशन थीम पर वर्कशॉप का आयोजन 23 नवंबर, शनिवार को किया जा रहा है। यह वर्कशॉप ऑटोमोटिव सेक्टर के प्रोफेशनल्स को उन्नत कौशल, नवीन विचारों और व्यावसायिक विकास रणनीतियों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। वर्कशॉप में उद्योग विशेषज्ञ, डीलर्स, और ऑटोमोटिव सेक्टर से जुड़े अन्य विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो कौशल विकास और नवाचारो की जानकारी देंगे। वर्कशॉप कन्वर्सेशन टू एक्सीलरेशन संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ऑटोमोटिव सेक्टर के डीलर्स और प्रोफेशनल्स को विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ाने का प्रयास है। वर्कशॉप में नवीनतम उद्योग ट्रेंड्स, व्यापार विस्तार के अवसर और तकनीकी कौशल पर चर्चा होगी।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता 44वीं राज्य स्तरीय साधिकार समिति की बैठक हुई

**भोपाल, निप्र।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में गत दिवस मंत्रालय में 44वीं राज्य स्तरीय साधिकार समिति की बैठक हुई। उच्च स्तरीय बैठक में 3 विषयों पर सहमति दी गयी। इसमे मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि एक्सप्रेस-वे जैसा बने बाईपास, सर्विस रोड होना चाहिये, पीएम गतिशील पोर्टल में पर्यटन को जोड़ा जाये, कर्क रेखा के पास पर्यटन की व्यवस्था की जाये। मौजूदा भोपाल-विदिशा रोड (एसएच-18) को 2-लेन से 4-लेन किया जायेगा। एमपीआरडीसी ने इसके निर्माण का प्रस्ताव दिया है। इसका निर्माण हाइब्रिड एनीयुटी मोड (एचएएम) पर होगा। मौजूदा सड़क 2-लेन मानक की है। राज्य राजमार्ग की मौजूदा लंबाई 35.11 किमी है, जो भानपुर के अयोध्या बाईपास से प्रारंभ होती है और सांची-सलामतपुर जंक्शन पर ह॥-146 पर समाप्त होती है। यह सड़क भोपाल और रायसेन जिलों से होकर गुजरती है और भानपुर, चोपड़ाकला, सुखी सेवनियां, डोब, बालमपुर, दीवानगंज और सलामतपुर जैसे आवासीय क्षेत्रों को जोड़ती है। परियोजना की कुल लंबाई 44.80 किमी है। इसी प्रकार सागर-दमोह (एसएच-63) रोड का उन्नयन होकर 2-लेन से 4-लेन किया जाएगा। यह सड़क सागर में ह॥-934 के साथ वाय-जंक्शन से शुरू होती है और दमोह में एक्स-जंक्शन पर समाप्त होती है। यह सड़क सागर और दमोह जिलों से होकर गुजरती है और पारसोरिया, गड़ाकोटा, रोन और बंसा जैसे आवासीय क्षेत्रों को जोड़ती है। परियोजना की कुल डिजाइन लंबाई 76.83 किमी है।

# मुख्यमंत्री ने भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता में अधिक से अधिक विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का मध्यप्रदेश की धरती उज्जैन पधार कर आचार्य सांदीपनि जी से शिक्षा प्राप्त करना सनातन संस्कृति की अद्वितीय घटना है।**

महाभारत जैसे भीषण युद्ध के बीच शास्त्र सम्मत मार्ग दिखाते हुए कर्मवाद की शिक्षा देने का उनका प्रयास और विश्व को श्रीमद् भगवद गीता की देन अद्वितीय है। शास्त्र के रूप में स्थापित भगवद गीता विद्वतजन, ऋषि मुनि से लेकर जन-सामान्य तक के मन में जिज्ञासा भी उत्पन्न करती है और समाधान भी प्रदान करती है। गीता को आचरण और व्यवहार में धारण कर मानव, अपने जीवन को कर्मवाद से जोड़कर सद्मार्ग का अनुसरण करते हुए सफलताएं प्राप्त कर सकता है। इस वर्ष गीता जयंती पर इस्कॉन के साथ मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भगवद गीता पर केंद्रित प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। गीता के श्लोकों का वाचन, अध्ययन-मनन और भगवद गीता में लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यह अकादमिक अभियान चलाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।



**स्कूल शिक्षा विभाग और विक्रमादित्य शोध पीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से होगी प्रतियोगिता**

उल्लेखनीय है कि भगवद गीता आधारित मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता, स्कूल शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग के विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा इस्कॉन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य छात्रों में स्थायी नैतिक मूल्यों का संचार करना, चरित्र निर्माण को प्रेरित करना और आज के युवाओं में व्याप्त विभिन्न व्यसनों के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**जिला स्तर पर 26 से 29 नवंबर तक होंगी प्रतियोगिताएं**

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा-9 से 12 तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन क्विज-प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रत्येक कक्षा की प्रतियोगिता के लिये पृथक-पृथक दिवस निर्धारित किये गये हैं, जिसमें 26 नवंबर को कक्षा -9वीं, 27 नवंबर को कक्षा-10वीं, 28 नवंबर को कक्षा-11वीं और 29 नवंबर को कक्षा-12वीं के छात्रों के लिये क्विज प्रतियोगिता होगी। सभी परीक्षाएं स्कूल में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक आयोजित की जाएंगी। भागीदारी के लिये लिंक 19 नवंबर तक उपलब्ध करवाई जायेगी। प्रत्येक जिले में कक्षा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 10 दिसंबर 2024 को उज्जैन में गीता महोत्सव के दौरान शामिल होंगे। राज्य स्तरीय विजेताओं को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह मूल्य शिक्षा प्रतियोगिता छात्रों के शैक्षिक पाठ्यक्रम को आवश्यक नैतिक मूल्यों जैसे सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, सम्मान और उत्तरदायित्व से समृद्ध बनाने के लिए डिजाइन की गई है। साथ ही उन्हें व्यसनों के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना और जिम्मेदार एवं नैतिक रूप से भविष्य के जागरूक नागरिकों के रूप में उनके व्यक्तित्व के विकास का प्रयास भी इस पहल का लक्ष्य है।

# भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : मंत्री पटेल

## जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भू-दृश्य बहाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यदि इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल करेगा बल्कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगा।

यह पर्यावरण संरक्षण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक विकास के अवसर भी पैदा करती है। इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है, जल संसाधनों का संरक्षण होता है और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलते हैं। मंत्री श्री पटेल ने शुक्रवार को निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश में भू-दृश्य बहाली का विस्तार विषय पर बैठक में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से जल, जंगल और जमीन संरक्षण के कार्य को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन संरक्षण मानव अस्तित्व के लिये आवश्यक है। हम संरक्षण कार्य को आजीविका के साथ जोड़कर दूरगामी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने जमीन संरक्षण के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कृषकों को जैविक उत्पादन करने के लिए प्रेरित किया जाए, साथ ही उनके उत्पादों के विपणन के लिये समुचित व्यवस्था की जाए, जिससे कृषकों को निश्चित आय हो सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिन जिलों में भू-दृश्य बहाली के लिये कार्य किये गये है, उनकी विस्तृत इंपैक्ट रिपोर्ट तैयार की जायें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदलते भू-दृश्य पर हमें कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के कुछ जिलों का चयन किया गया है, आगामी समय में सभी जिलों में यह कार्य किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि सीधी और बड़वानी जिले में भूदृश्य बहाली के लिए कई कार्य किये गये हैं। प्रदेश में वर्तमान मे 10 जिलों में इस परियोजना का विस्तार किया जा रहा है। भू-दृश्य बहाली (लैंडस्केप रिस्टोरेशन) आज के समय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विषय है। जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण और जैव विविधता की कमी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विश्व में इस दिशा में कई प्रयास हो रहे हैं। भू-दृश्य बहाली का उद्देश्य क्षतिग्रस्त और परित्यक्त क्षेत्रों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में पुनः स्थापित करना है, ताकि वे फिर से पर्यावरणीय और आर्थिक गतिविधियों के लिए उपयोगी बन सकें। इस प्रक्रिया में जंगलों की पुनर्स्थापना, मिट्टी के कटाव को रोकना, जैव विविधता का संरक्षण और स्थायी कृषि प्रणालियों का विकास शामिल है। मध्यप्रदेश में वनीकरण और मिट्टी संरक्षण के लिए कई परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# जनता नहीं, अडानी के लिए सरकार चलाती है बीजेपी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का आरोप-कुछ लोगों को ही बनाया जा रहा अमीर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** देश और दुनिया के दिग्गज कारोबारी और अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी पर अमेरिका में गंभीर आरोप लगे हैं। वहीं, कांग्रेस इस मुद्दे को भुनाने का मौका छोड़ना नहीं चाह रही है। इसी सिलसिले में मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने अडानी का मुद्दा उठाया। साथ ही भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा।




पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि देश में मनोपोली चल रही है। कुछ ही लोगों को अमीर बनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी की मिलीभगत से आम जनता को लूटा गया। बिजली अधिकारियों को 2236 करोड़ रुपए की रिश्वत दी गई। बीजेपी प्रवक्ताओं ने अडानी के हितों की बात की और उनका पक्ष लिया। बीजेपी जनता के लिए नहीं बल्कि अडानी के लिए सरकार चलाती है। जिन्होंने भारत को लूटा, वह सभी मोदी के साथी क्यों हैं, ये जवाब देना चाहिए। बता दें कि दो दिन पूर्व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि जब तक पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी एक हैं तो सेफ हैं। हम जानते हैं कि सरकार अडानी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी, क्योंकि अडानी अंदर जाएंगे तो पीएम मोदी भी जाएंगे। बीजेपी की फंडिंग अडानी से जुड़ी है।



# ऊर्जा मंत्री तोमर ने किया महाराजपुरा विद्युत सब-स्टेशन का निरीक्षण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में विद्युत वितरण प्रणाली में सुधार तथा उपभोक्ताओं को सर्व सुविधायुक्त सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि ग्वालियर के महाराजपुरा औद्योगिक क्षेत्र विद्युत सब-स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया तथा विद्युत वितरण की जानकारी ली श्री तोमर ने औद्योगिक क्षेत्र को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर रात्रि 3ः30 बजे महाराजपुरा ज़ोन औद्योगिक सब-स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

# मित्तल इंस्टिट्यूट में ‘पर्यावरण चेतना’ जन जागरूकता कार्यक्रम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** वर्तमान समय में हम सभी जिस भयावह परिस्थिति में प्रकृति के साथ हो रहे व्यवहार से चिर -परिचित है, मौसम के निरंतर बिगड़ते हालात और मानव जीवन के लिए हानिकारक प्रदूषण से कोई अनजान नहीं है, इसी समस्या और उसके समाधान के लिए पर्यावरण जागरूकता अभियान रायपुर से आये राष्ट्रीय सह -सयोजक राकेश जैन ने जल और पर्यावरण बचाने पर्यावरण गीत के माध्यम से, चिपको आंदोलन की प्रणेता अमृता जी के जंगल बचाओ अभियान के साथ धरती और प्रकृति को बंजर बनाने वाली प्लास्टिक पन्नी के बहिष्कार के साथ उसे कैसे नष्ट किया जा सकता है पर सभी को प्रेरित किया।



पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, मुरैना के प्रांत संयोजक शिव शंकर जी ने जल ही जीवन है, एवं जल है तो कल है के संकल्प का आव्हान किया, आपने बताया की हमारे पूर्वज अपने क्षेत्र मे तीन लाख लीटर पानी का संग्रहण तालाब, कुआँ बनाकर करते थे वहीँ आज हमारी पीढ़ी घर की छत पर तीन हजार की पानी की टंकी रखवाकर अपने आप को बहुत सुरक्षित और गौरान्वित महसूस करती है। निजी प्रयोगशाला समिति के वैज्ञानिक एवं प्रांत स्योजक पुरुषोत्तम शर्मा, म. प्र. जन अभियान परिषद के विभाग संयोजक श्री अमिताभ श्रीवास्तव जी ने मित्तल परिसर, नबी बाग के हरे-भरे वृक्ष और छात्रों की पर्यावरण चेतना के प्रति अभिरूचि को मंत्र -मुग्ध होकर सराहा। मित्तल परिवार की ओर से डायरेक्टर डॉ. सिमरीना सिँह जी एवं. प्राध्यापक डॉ अंकित जैन जी द्वारा सभी पर्यावरण अतिथियों का साल और श्री फल से वंदन-अभिनंदन किया। संस्था के शिक्षा संकाय के डॉ. विनय कुमार दीवान ने भगवान और पेड़ की संकल्पना, धरती पर स्वर्ग और नरकहीं हमारी देन है, के साथ सभी अतिथियों, छात्रों और सहयोगी प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम की रुपरेखा भोपाल पर्यावरण इकाई के मुकेश गौर एवं नंदकिशोर के माध्यम से की गयी, कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक मोनिका गहलोत जी द्वारा किया गया।

# जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के संचालन में जन-प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण

## कार्यशाला में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि हुए शामिल




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश के नगरों में संचालित जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना के सफल संचालन में स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसके लिये जनप्रतिनिधियों का जागरूक होना बहुत जरूरी है। यह जानकारी आज भोपाल में मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी (एमपीयूडीसी) की कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना वर्ल्ड बैंक और एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के सहयोग से तैयार की गई है।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर अपर आयुक्त और कम्पनी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक के.एल. मीणा ने कहा कि परियोजना के संचालन और संधारण में जो भी दिक्कते आएंगी। कम्पनी जन-प्रतिनिधियों से निरंतर संवाद कर उसे दूर करने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया कि एमपीयूडीसी द्वारा जिन जल प्रदाय और सीवरेज परियोजना का निर्माण किया गया है, वह विश्वस्तरीय है। इनके संचालन की प्रति सप्ताह उच्च स्तर पर समीक्षा की जा रही है। कार्यशाला में सागर की महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के सफल संचालन के लिये शिकायत निवारण कक्ष एवं उपभोक्ता सेवा केन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस व्यवस्था को मजबूत रखना जरूरी है। कार्यशाला में प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह ने परियोजना के तकनीकी पक्ष के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परियोजना के संचालन के दौरान स्वच्छता के बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाना होगा। कार्यशाला में समन्वयक श्री राघवेन्द्र सिंह ने प्रेजेन्टेशन दिया। कार्यशाला में उपस्थित स्थानीय निकाय के जन-प्रतिनिधियों को बुधनी मल-जल शोधन संयंत्र का दौरा भी कराया गया।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया

# कृतज्ञता का भाव, भारतीय समाज की सभ्यता एवं विरासत है : परमार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भारत की गृहणियों की रसोई में कोई तराजू नहीं होता है, गृहिणियों को भोजन निर्माण के लिए किसी संस्थान में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती है। भारतीय गृहिणियों में रसोई प्रबंधन का उत्कृष्ट कौशल, नैसर्गिक एवं पारम्परिक रूप से विद्यमान है।**



भारत की रसोई, विश्वमंच पर प्रबंधन का उत्कृष्ट आदर्श एवं श्रेष्ठ उदाहरण है। भारतीय समाज में ऐसे असंख्य संदर्भ, परम्परा के रूप में प्रचलन में हैं। हमारे समाज में विद्यमान ज्ञान पर, गर्व के भाव के साथ अध्ययन, शोध एवं अनुसंधान करने की आवश्यकता है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को भोपाल स्थित मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के सभागृह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में आयोजित भारत के लिए भारत का सामाजिक विज्ञान विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारम्भ अवसर पर कही। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक विषय पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त होना, मेरे लिए सौभाग्य है। श्री परमार ने कहा कि भारत, सृष्टि के सृजन से ही पृथ्वी पर विद्यमान है। अंग्रेजों की पराधीनता के दौरान, अंग्रेजी सत्ता ने हमारी शिक्षा पद्धति को नष्ट कर, हमारे ज्ञान को हीन दिखाने का कुत्सित प्रयास किया। अंग्रेजी पराधीनता के पूर्व के कालखंडों में भी विदेशी आक्रांताओं ने भारतीय चिंतन और दर्शन को नष्ट कर, भ्रांतियों को स्थापित करने का कुत्सित प्रायोजन किया। श्री परमार ने कहा कि विदेशी यह नहीं जानते हैं कि विज्ञान, परम्परा के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। यही हमारे भारत के समाज का विज्ञान है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है। किसी के कार्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करना, कृतज्ञता भाव रूपी भारतीय दर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। श्री परमार ने पेड़ों, नदियों, जलाशयों, सूर्य आदि प्राकृतिक ऊर्जा स्त्रोतों के पूजन एवं उपासना की पद्धति भारतीय समाज में परंपरागत रूप से विद्यमान है। यह परंपरा प्रकृति सहित समस्त ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए, उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भाव है। श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में क्रियान्वयन के लिए, शिक्षा को भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध करने की आवश्यकता है। भारतीय शिक्षा में समाज शास्त्र को, भारतीय दृष्टिकोण के साथ सही परिप्रेक्ष्य में समझने एवं प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इसके लिए तपस्वी के रूप में हम सभी को सहभागिता और परिश्रम करने की आवश्यकता है।

दो दिवसीय यह राष्ट्रीय कार्यशाला राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में समाजशास्त्र के पाठ्यक्रम के विशेष संदर्भ को लेकर आयोजित है। इस अवसर पर राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद नई दिल्ली के संरक्षक प्रो. पी वी कृष्ण भट्ट , परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. विघ्नेश भट्ट , अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छग) के कुलपति प्रो. ए. डी. एन. वाजपेयी एवं भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ संजय तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ एल पी झारिया एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सुशील मंडेरिया सहित देश भर से पधारे विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के कुलगुरू एवं प्राध्यापकगण, भोज विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, विविध विषयविद्, शिक्षाविद् एवं अन्य विद्वतजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560